हल पेपर

मध्य प्रदेश राज्य सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2017

सामान्य अध्ययन (पहला पेपर)



12 फरवरी, 2017 को आयोजित

1. **गाजी मलिक किस वंश का संस्थापक था?**

(a) तुगलक (b) खिलजी

(c) सैयद (d) लोदी

जवाब - (A) *[गाजी मलिक या गयासुद्दीन तुगलक 1320 से 1325 के दौरान दिल्ली सल्तनत के सिंहासन पर बैठा था। इसे तुगलक वंश का संस्थापक भी माना जाता है। इसने कई बार मंगोल आक्रमण को विफल किया। सुल्तान बनने से पहले वह कुतुबुद्दीन मुबारक खिलजी के शासन काल में उत्तर-पश्चिमी सीमांत प्रांत का गवर्नर था। वह दिल्ली सल्तनत का पहला सुल्तान था, जिसने अपने नाम के साथ 'गाजी' (काफिरों का वध करने वाला) शब्द जोड़ा था। उसने आर्थिक नीति का आधार संयम, सख्ती एवं नरमी के मध्य संतुलन (रस्म-ए-मियान) को बनाया। उसने लगान के रूप में उपज का 1/10 या 1/12 हिस्सा लेने का आदेश जारी किया था। गयासुद्दीन ने मध्यवर्ती जमीदारों विशेष रूप से मुकद्दम तथा खूतों को उनके पुराने अधिकार लौटा दिए, जिससे उनको वही स्थिति प्राप्त हो गई, जो बलबन के समय में प्राप्त थी। गयासुद्दीन ने अमीरों की भूमि पुनः लौटा दी। वह नहर का निर्माण करवाने वाला दिल्ली का पहला सुल्तान था।]*

2. **'भारतीय पुरातत्व का जनक' किसे कहा जाता है?**

(a) अलेक्जैंडर कनिंघम (b) जॉन मार्शल

(c) मॉर्टिमर व्हीलर (d) जेम्स प्रिंसेप

जवाब - (A) *[अलेक्जैंडर कनिंघम ब्रिटिश सेना के बंगाल इंजीनियर ग्रुप में इंजीनियर थे। वह भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण के प्रथम महानिदेशक थे। कनिंघम को भारत के पुरातत्त्व अन्वेषण का पिता भी कहा जाता है। भारतीय इतिहास में इनकी काफी रुचि थी। कनिंघम ने भारतीय प्राच्य विद्या के विख्यात शोधक जेम्स प्रिंसेप की, प्राचीन सिक्कों के लेखों और खरोष्ठी लिपि को पढ़ने में सहायता की थी। 1872 में कनिंघम को भारतीय पुरातत्व विभाग का सर्वेक्षक बनाया गया और कुछ ही वर्ष पश्चात् उनकी नियुक्ति (उत्तर भारत के) पुरातत्व-सर्वेक्षण-विभाग के महानिदेशक के रूप में हो गई। इस पद पर वे 1885 तक रहे। पुरातत्व विभाग के उच्च पदों पर रहते हुए कनिंघम ने भारत के प्राचीन विस्मृत इतिहास के विषय में काफी जानकारी दुनिया के सामने रखी। प्राचीन स्थानों की खोज और अभिलेखों एवं सिक्कों के संग्रहण द्वारा उन्होंने भारतीय इतिहास के शोध के लिए मूल्यवान सामग्री जुटाई। कनिंघम ने प्राचीन भारत में आने वाले यूनानी और चीनी पर्यटकों के भारत संबंधी वर्णनों का अनुवाद तथा संपादन किया। चीनी यात्री ह्वेनसांग (7वीं सदी ई.) के पर्यटन वृत्त का अनुवाद किया किया। 1871 ई. में उन्होंने भारत का प्राचीन भूगोल (एन्शेंट ज्योग्राफी ऑफ इंडिया) नामक प्रसिद्ध पुस्तक लिखी जो आज के दौर में भी प्रासंगिक मानी जाती है।]*

3. **राममोहन राय को 'राजा' की उपाधि से किसने विभूषित किया?**

(a) औरंगजेब

(b) रॉबर्ट क्लाइव

(c) महात्मा गांधी

(d) मुगल सम्राट अकबर द्वितीय

जवाब - (D) *[राजा राममोहन राय को भारतीय पुनर्जागरण का अग्रदूत और आधुनिक भारत का जनक कहा जाता है। वे ब्रह्म समाज के संस्थापक, भारतीय भाषायी प्रेस के प्रवर्तक, जनजागरण और सामाजिक सुधार आंदोलन के प्रणेता के तौर पर जाने जाते हैं। उन्हें राजा की उपाधि अकबर द्वितीय ने दी थी। अकबर द्वितीय,*

safalta.com Beta अमर उजाला

शाहआलम द्वितीय का पुत्र था जो ईस्ट इंडिया कंपनी की पेंशन पर गुजर-बसर करता था।]

4. **1909 का अधिनियम संबंधित था**

(a) पृथक मताधिकार-क्षेत्र के लागू करने से

(b) विकेंद्रीकरण से

(c) द्वैध-शासन से

(d) विधान परिषद् से

जवाब - (A) *[भारतीय परिषद एक्ट, 1909 को मार्ले मिण्टो सुधार' भी कहा जाता है। यह विधेयक 25 मई, 1909 को पारित हुआ तथा 15 नवम्बर, 1909 को राजकीय अनुमोदन के बाद लागू हो गया। इस विधेयक के तहत केंद्रीय तथा प्रांतीय विधानमण्डलों के आकार एवं उनकी शक्ति में वृद्धि की गई। गवर्नर-जनरल की कार्यकारी परिषद में एक भारतीय सदस्य की नियुक्ति का भी प्रावधान किया गया था। इस अधिनियम के तहत सदस्यों को प्रस्ताव रखने और प्रश्न पूछने का अधिकार भी दिया गया। बजट प्रस्तावों पर मतदान का भी अधिकार था। हालांकि व्यावहारिक रूप से परिषद के पास अधिकार नहीं था। मार्ले मिण्टो सुधारों का मूल उद्देश्य राष्ट्रवादी धड़े में फूट डालना था। मुस्लिमों के पृथक निर्वाचन क्षेत्र एवं मताधिकार की व्यवस्था भी इसी अधिनियम द्वारा की गई। अंग्रेजों की यही नीति कालांतर में भारत के विभाजन का कारण बनी। इस अधिनियम द्वारा मुसलमानों के लिए पृथक सामुदायिक प्रतिनिधित्व प्रणाली लागू की गई। साथ ही मुसलमानों को प्रतिनिधित्व के मामले में विशेष रियायत दी गई। उन्हें केंद्रीय एवं प्रांतीय विधान परिषद में जनसंख्या के अनुपात में अधिक प्रतिनिधि भेजने का अधिकार दिया गया। मुस्लिम मतदाताओं के लिए आय की योग्यता को भी हिंदुओं की तुलना में कम रखा गया। व्यवस्थापिका सभाओं के अधिकारों में वृद्धि की गई। सदस्यों को आर्थिक प्रस्तावों पर बहस करने, उनके विषयों में संशोधन प्रस्ताव रखने, उनको कुछ विषयों पर मतदान करने, प्रश्न पूछने, साधारण प्रश्नों पर मतदान करने, साधारण प्रश्नों पर बहस करने तथा सार्वजनिक हित के प्रस्तावों को प्रस्तुत करने का अधिकार दिया गया। व्यवस्थापिकाओं को इतने अधिकार देने के पश्चात भी गवर्नर जनरल तथा गवर्नरों को व्यवस्थापिकाओं में प्रस्तावों को ठुकराने का अधिकार था।]*

5. **1194 के चंदावर के युद्ध में मुहम्मद गौरी ने किसे हराया था?**

(a) कुमारपाल (b) जयचंद

(c) गोविंदराज (d) भीम द्वितीय

जवाब - (B) *[मुहम्मद गौरी 12वीं शताब्दी का अफगान सेनापति था। उसने सेनापति के तौर पर अपने भाई गियास-उद-दीन गौरी के लिए भारतीय उपमहाद्वीप पर गौरी साम्राज्य का विस्तार किया था और उसका पहला आक्रमण मुल्तान (1175 ई.) पर था। पाटन (गुजरात) के शासक भीम द्वितीय पर मोहम्मद गौरी ने 1178 ई. में आक्रमण किया और मोहम्मद गौरी बुरी तरह हार गया। मोहम्मद गौरी ने पृथ्वीराज चौहान के साथ दो बड़े युद्ध लड़े जिनमें पहली लड़ाई 1191 में वह पृथ्वीराज चौहान से बुरी तरह हार गया। लेकिन चौहान ने उसे जीवित लौट जाने दिया इसके बाद 1192 में उसने पृथ्वीराज चौहान को हराकर कैद कर लिया और हत्या कर दी। पृथ्वीराज चौहान को हाराने के बाद मोहम्मद गौरी ने चंदावर के युद्ध (1194 ई.) में दिल्ली के गहड़वाल वंश के शासक जयचंद को पराजित किया। मोहम्मद गौरी ने भारत में विजित साम्राज्य का अपने सेनापतियों को सौंप दिया और वह गजनी चला गया। बाद में गौरी के गुलाम कुतुबुद्दीन ऐबक ने गुलाम राजवंश की नींव डाली।]*

6. **दिल्ली सल्तनत के किस वंश ने सबसे कम समय तक शासन किया?**

(a) खिलजी (b) तुगलक

(c) सैयद (d) लोदी

जवाब - (A) *[खिलजी या खलजी वंश (1290-1320 ई.) दिल्ली की मुस्लिम सल्तनत का दूसरा शासक परिवार था। इस वंश की स्थापना जलालुद्दीन खिलजी ने की थी, जिसने अपना जीवन एक सैनिक के तौर पर शुरू किया था। इस राजवंश के तीन शासक अपनी निष्ठाहीनता, निर्दयता और दक्षिण भारत में हिंदू राज्यों पर अधिकार के लिए जाने जाते थे। जूना खां ने अलाउद्दीन खिलजी की उपाधि धारण कर 20 वर्ष तक शासन किया। उसने रणथंभौर (1301 ई.), चित्तौड़ (1303 ई.) और मांडू (1305 ई.) पर कब्जा किया और देवगिरि के समृद्ध हिंदू राज्य को अपने राज्य में मिला लिया। उसने मंगोल आक्रमण का भी मुंहतोड़ जवाब दिया। अलाउद्दीन के सेनापति मलिक काफूर ने 1308 ई. में दक्षिण भारत पर कब्जा कर लिया, कृष्णा नदी के दक्षिण में होयसल वंश को उखाड़ फेंका और सुदूर दक्षिण में मदुरई पर अधिकार कर लिया। जब 1311 ई. में मलिक काफूर दिल्ली लौटा तो वह दक्षिण से लूट कर ढ़ेर सारा धन लेकर आया था। 1316 में अलाउद्दीन की मौत हो गई। इस मौके पर मलिक काफूर ने सत्ता पर काबिज होने की कोशिश की लेकिन कामयाब नहीं हो सका। अंतिम खिलजी शासक कुतुबुद्दीन मुबारक खिलजी था। कुतुबुद्दीन की उसके प्रधानमंत्री खुसरो खां ने 1320 ई. की शुरुआत में हत्या कर दी और इसी के साथ खिलजी राजवंश समाप्त हो गया। बाद में तुगलक वंश के प्रथम शासक गयासुद्दीन तुगलक ने खुसरो खां से गद्दी छीन ली। खिलजी वंश के सुल्तानों ने 1290 से 1320 ई. तक राज्य किया। खिलजी सुल्तानों में अलाउद्दीन खिलजी (1296-1316 ई.) ही सबसे योग्य शासक था।*

खिलजी शासक	*शासन काल*
जलालुद्दीन खिलजी	*1290-1296 ई.*
अलाउद्दीन खिलजी	*1296-1316 ई.*
कुतुबुद्दीन खिलजी	*1316-1320 ई.]*

7. **लॉर्ड डफरिन के वायसराय काल की एक महत्वपूर्ण घटना थी**

(a) रामकृष्ण मिशन की स्थापना

(b) ढ़ाका में मुस्लिम लीग की स्थापना

(c) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना

(d) प्रथम जनगणना की शुरुआत

जवाब - (C) *[लॉर्ड डफरिन 1884 ई. में लॉर्ड रिपन के बाद भारत का वायसराय बनकर आया। वह 1884 से 1888 ई. तक भारत का वायसराय तथा गवर्नर-जनरल रहा था। उसके शासनकाल में तृतीय बर्मा युद्ध (1885-1886 ई.) हुआ था जिसकी वजह से उत्तरी बर्मा भारत का अंग बन गया। डफरिन के कार्यकाल की सबसे महत्वपूर्ण घटना कांग्रेस की स्थापना थी। 28 दिसंबर, 1885 में ए ओ ह्यूम व थियोसोफिकल सोसायटी के प्रमुख सदस्यों ने कांग्रेस की स्थापना की। दादा भाई नौरोजी और दिनशा वाचा भी कांग्रेस की स्थापना करने वाले सदस्यों में शामिल थे।]*

8. इनमें से कौन सबसे कम आयु में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष बनने वाला व्यक्ति था?

(a) जवाहरलाल नेहरू

(b) अबुल कलाम आजाद

(c) आनंद मोहन बोस

(d) भूपेंद्र नाथ बोस

जवाब - (B) *[अबुल कलाम आजाद अलग मुस्लिम राष्ट्र (पाकिस्तान) के सिद्धांत का विरोध करने वाले प्रमुख मुस्लिम नेताओं में से थे। खिलाफत आंदोलन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। 1923 में वे भारतीय नेशनल कांग्रेस के सबसे कम उम्र के अध्यक्ष बने। वे 1940 और 1945 के बीच कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। आजादी के बाद वे सांसद चुने गए और वे भारत के पहले शिक्षा मंत्री बने। वे धारासन सत्याग्रह के प्रमुख क्रांतिकारी थे। भारत के पहले शिक्षा मंत्री के तौर पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्थापना उनके सबसे महत्वपूर्ण कार्यों मे से एक है।]*

9. भारत में नियमित एवं वैज्ञानिक ढंग से जनगणना किस वर्ष से प्रारंभ हुई?

(a) 1861 (b) 1871

(c) 1881 (d) 1891

जवाब - (C) *[आजाद भारत में 1951 से प्रति दस वर्ष के अंतराल पर जनगणना की जा रही है। पिछली जनगणना 2011 में हुई थी और अगली जनगणना 2021 में होने की संभावना है। गृह मंत्रालय के अधीन रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त द्वारा जनगणना की जाती है। ब्रिटिश भारत में पहली बार जनगणना 1872 में की गई थी। ईस्ट-इंडिया कंपनी के कोर्ट ऑफ डायरेक्टर ने 1856 में भारत में प्रत्येक दस साल में जनगणना कराए जाने का फैसला किया था। लेकिन 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के चलते यह योजना विफल हो गई। 1864 में फिर से इस पर काम शुरू हुआ और राज्यों में कहीं-कहीं जनगणना की गई। प्रयोगों की सफलता के बाद 1881 में जनगणना हुई। 1881 से 1941 तक ब्रिटिश भारत में प्रत्येक दस वर्ष के अंतराल पर आठ जनगणनाएं हुईं इसके बाद 1951 में आजाद भारत में पहली बार जनगणना हुई। आजाद भारत में जनगणना के लिए ब्रिटिश भारत के तरीके को अपनाया गया और प्रत्येक दस वर्ष में जनगणना जारी रखी। 1891 की जनगणना में कश्मीर एवं सिक्किम को भी पहली बार शामिल किया गया था। 1881 से अब-तक 15 बार जनगणना हो चुकी है।]*

10. इनमें से किसने द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में भाग नहीं लिया था?

(a) महादेव देसाई

(b) प्यारेलाल नैय्यर

(c) मदन मोहन मालवीय

(d) जवाहरलाल नेहरू

जवाब - (D) *[दूसरे गोलमेज सम्मेलन में महात्मा गांधी कांग्रेस के एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुए थे। सम्मेलन में मुख्य रूप से साम्प्रदायिक प्रतिनिधित्व के आधार पर सीटों के बंटवारे के जटिल प्रश्न पर विचार किया जाना था। लेकिन इस मुद्दे पर ब्रिटिश और भारतीय पक्ष किसी समझौते पर नहीं पहुंच सके। वहीं मुस्लिम प्रतिनिधियों को ऐसा विश्वास हो गया था कि हिंदुओं से समझौता करने की अपेक्षा अंग्रेजों से उन्हें अधिक सीटें प्राप्त हो सकेंगी। इस गतिरोध का लाभ उठाकर ब्रिटिश प्रधानमंत्री रैम्जे मैकडोनल्ड ने 'साम्प्रदायिक निर्णय' की घोषणा कर दी। 7 सितंबर 1931 से 1 दिसंबर 1931 तक चले इस सम्मेलन में गांधीजी के अलावा भारत की तरफ से महादेव देसाई, मदनमोहन मालवीय, देवदास गांधी, घनश्यामदास बिड़ला और मीरा बेन सहित कुल 21 लोगों ने भाग लिया था। 'द्वितीय गोलमेज सम्मेलन' के समय ब्रिटेन के सर्वदलीय मंत्रिमण्डल में रूढ़िवादियों का बहुमत था। कट्टरपंथी सैमुअल होर को भारतमंत्री और लॉर्ड विलिंगडन को भारत का वायसराय बनाया गया इसी वजह से यह सम्मेलन बेनतीजा खत्म हो गया।]*

11. निम्नलिखित में से कौन-सा देश कैस्पियन सागर से सीमा नहीं बनाता है?

(a) अजरबैजान (b) ईरान

(c) इराक (d) कजाकिस्तान

जवाब - (C) *[कैस्पियन सागर को दुनिया का सबसे बड़ा भूआबद्ध सागर माना जाता है। सागर का मौजूदा क्षेत्रफल 3,71,000 वर्ग किलोमीटर है। वैज्ञानिकों के मुताबिक पर्यावरण असंतुलन के चलते यह धीरे-धीरे सिकुड़ रहा है। 1950 के दशक में इसका क्षेत्रफल 4,38,000 वर्ग किलोमीटर था। मौजूदा आकड़ों के मुताबिक, कैस्पियन सागर 1200 किलोमीटर लंबा और 480 किलोमीटर चौड़ा है, और औसतन 3000 फुट से ज्यादा गहरा है। भूवैज्ञानिकों के अनुसार किसी समय यह अरल सागर से जुड़ा हुआ था। कैस्पियन सागर के पूर्व, उत्तर तथा पश्चिम में पूर्व सोवियत संघ से निकले हुए देश व दक्षिण में ईरान स्थित है। प्राचीन काल में वंक्षु (आक्सस) नदी इसी में गिरती थी; अब वोल्गा, कूरा, यूराल व तेरेक नदियां इसके जल का मुख्य स्रोत हैं। अस्त्राखान, बाकू तथा अस्त्राबाद इसके मुख्य पत्तन हैं। सागर के आस-पास का क्षेत्र पर्वतीय है। लेकिन अपवाद के तौर पर वोल्गा नदी के मुहाने पर एक डेल्टा भी है। यह रूस, कजाकिस्तान, अजरबैजान, तुर्कमेनिस्तान व*

ईरान से घिरा है। कैस्पियन सागर के किनारे कुल पचास द्वीप हैं, जिनके किनारे प्रमुख व्यापारिक मार्ग हैं। इसके किनारे बाकू सबसे बड़ा शहर जो अजरबैजान की राजधानी है। कैस्पियन सागर का पानी हल्का खारा है। यह समुद्र तट की ऊंचाई से 28 मीटर नीचे है। कैस्पियन सागर को लेकर इसके किनारे मौजूद कई देशों के बीच विवाद है। इस सागर पर दावेदारी करने वाले प्रमुख देशों में रूस, तुर्कमेनिस्तान, अजरबैजान, कजाकिस्तान व ईरान प्रमुख हैं।]

12. **कयाल क्या है?**

(a) तराई मैदान

(b) गंगा डेल्टा

(c) दक्कन पठार की रेगड़

(d) केरल के लैगून

जवाब - (D) *[लैगून किसी विस्तृत जलस्रोत जैसे समुद्र या महासागर के किनारे पर बनने वाला एक उथला जल क्षेत्र होता है जो किसी पतली स्थलीय पेटी या अवरोध (रोध, रोधिका, भित्ति आदि) द्वारा सागर से अंशतः अथवा पूर्णतः अलग होता है। इसका निर्माण अधिकांशतः अपतट रोधिका, रोध, प्रवालभित्ति अथवा प्रवाल वलय द्वारा तटवर्ती जल को मुख्य सागर से पृथक कर देने से होता है। किसी खाड़ी या लघु निवेशिका के सामने पंक, रेत, बजरी आदि के निक्षेप से जब किसी रोधिका या अवरोध का निर्माण होता है, सागर तट और रोधिका या अवरोध के बीच उथला सागरीय जल बंद हो जाता है जिससे लैगून बनती है। उड़ीसा के तट पर चिलका झील इसका उदाहरण है। इसी प्रकार तटीय प्रवाल भित्ति, अवरोधक भित्ति अथवा प्रवाल वलय से घिरा समुद्री जल लैगून बनाता है। केरल में इस तरह की संचरनाओं को कयाल कहा जाता है।]*

13. **निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

(a) कैनियन - नदी (b) ज्यूजन - वायु

(c) इंसेलबर्ग - हिमनद (d) मोरेन - हिमनद

जवाब - (c) *[कैनियन नदी कनाडा के ऑटेरियो में कैनोर से निकलने वाली वेबिगून नदी की सहायक नदी है। कैनियन नदी फैवल झील से निकलती है।*

ज्यूजेन *: मरुस्थली क्षेत्रों में कठोर चट्टानों के ऊपर कोमल संरचना वाली चट्टानें क्षैतिज रूप में बिछी होती हैं, इन कोमल चट्टानों को तीव्र हवाएं काट देती हैं। इस तरह हवा से कटकर चट्टानों पर अपरदन से बनने वाली संरचना को ज्यूजेन कहा जाता है।*

इंसेलबर्ग *: यह जर्मन भाषा का शब्द है जिसका अर्थ पर्वत, द्वीप या द्विपीय पर्वत होता है। रेगिस्तान में कठोर चट्टानों (जिनका अपरदन नहीं हो पाता) की सतह से ऊंचे टीले इस तरह लगते हैं मानो सागर में द्वीप खड़े हों। इंसेलबर्ग के किनारे तिरछे ढालों वाले होते हैं। बोनहार्ट नामक विद्वान ने इस प्रकार के इंसेलबर्ग के निर्माण की स्थलाकृतिक क्रिया का पता लगाया था।*

हिमनद

पृथ्वी की सतह पर विशाल आकार की गतिशील बर्फराशि को कहते हैं जो अपने भार के कारण पर्वतीय ढालों की तरफ सरकते हैं। इस तरह की हिम राशि से कई तरह के स्थलस्वरूप बनते हैं।

अपरदनात्मक *: सर्क, तीक्ष्ण कटक या एरेट, गिरिश्रृंग या हार्न*

निक्षेप जन्य *: ड्रमलिन, एस्कर व मोरेन]*

14. **स्ट्रॉम्बोली है, एक**

(a) प्रसुप्त ज्वालामुखी

(b) जागृत ज्वालामुखी

(c) निर्वापित ज्वालामुखी

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

जवाब - (B) *[सक्रिय ज्वालामुखी से अक्सर उद्गार (विस्फोट) होता रहता है। क्योंकि ये ज्वालामुखी सदैव ही क्रियाशील रहते हैं, इसीलिए इन्हें 'सक्रिय ज्वालामुखी' कहा जाता है। फिलहाल विश्व में सक्रिय ज्वालामुखियों की संख्या लगभग 500 हैं। इन ज्वालामुखियों में प्रमुख हैं, इटली का एटना और स्ट्राम्बोली। स्ट्राम्बोली भूमध्य सागर में सिसली के उत्तर में लिपारी द्वीप पर स्थित है। यह हमेशा सक्रिय रहता है और लगातार गैस निकलती रहती है। गैस के दहन से प्रकाश निकलता रहता है इसलिए इसे भूमध्य सागर का प्रकाश स्तम्भ भी कहा जाता है। कुल सक्रिय ज्वालामुखी का अधिकांश प्रशांत महासागर के तटीय भाग में पाया जाता है। इसी कारण से प्रशांत महासागर के परिमेखला को अग्नि वलय भी कहते हैं। सबसे अधिक सक्रिय ज्वालामुखी अमेरिका एवं एशिया महाद्वीप के तटों पर स्थित हैं। विश्व की सबसे ऊंचाई पर स्थित सक्रिय ज्वालामुखी 'ओजस डेड सालाडो' (6885 मीटर) एण्डीज पर्वतमाला में अर्जेंटीना व चिली की सीमा पर है।]*

15. **जल प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम किस वर्ष लागू किया गया?**

(a) 1980

(b) 1974

(c) 1981

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

जवाब - (B) *[जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम जल प्रदूषण के नियंत्रण और रोकथाम और देश में पानी की स्वास्थ्य-प्रदता बनाए रखने हेतु 1974 में अधिनियमित किया गया था। अधिनियम 1988 में संशोधित किया गया था। जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) उपकर अधिनियम को औद्योगिक गतिविधियों में व्यक्तियों द्वारा पानी की खपत पर उपकर लगाने हेतु 1977 में अधिनियमित किया गया था। यह उपकर जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के तहत गठित जल प्रदूषण के नियंत्रण और रोकथाम हेतु गठित केंद्रीय बोर्ड के संसाधनों और राज्य बोर्डों को बढ़ाने की दृष्टि से इकट्ठा किया जाता है। इस अधिनियम को अंतिम बार 2003 में संशोधित किया गया था।]*

16. **2011 की जनगणना के अनुसार भारत में जनसंख्या घनत्व है**

(a) 325 (b) 335

(c) 382 (d) 385

जवाब - (C) *[31 मार्च 2011 को जारी जनगणना के आंकड़ों के मुताबिक भारत में जनसंख्या घनत्व व अन्य महत्वपूर्ण जनांकिकीय आंकड़े निम्नलिखित हैं-*

जनसंख्या	
कुल	*1,210,854,977*
पुरुष	*623,270,258*
महिलाएं	*587,584,719*
साक्षरता	
कुल	*74.04%*
पुरुष	*82.14%*
महिलाएं	*65.46%*
***जनसंख्या घनत्व** प्रति वर्ग किमी*	*382*
***लिंगानुपात** - प्रति 1000 पुरुषों पर 940 महिलाएं]*	

17. **निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

(a) लिपुलेख - उत्तराखंड

(b) नाथू ला - अरुणाचल प्रदेश

(c) रोहतांग - हिमाचल प्रदेश

(d) पालघाट - केरल

जवाब - (B) *[**लिपुलेख दर्रा :** यह हिमालय का एक पहाड़ी दर्रा है जो उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र को तिब्बत के तकलाकोट (पुरंग) शहर से जोड़ता है। यह प्राचीनकाल से व्यापारियों और तीर्थयात्रियों द्वारा भारत ,नेपाल और तिब्बत के बीच आने-जाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। यह दर्रा भारत से कैलाश पर्वत व मानसरोवर जाने वाले यात्रियों द्वारा विशेष रूप से इस्तेमाल होता है।*

***नाथूला दर्रा :** यह भारत के सिक्किम राज्य और दक्षिण तिब्बत में चुम्बी घाटी को जोड़ता है। यह दर्रा 14 हजार 200 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। भारत और चीन के बीच 1962 में हुए युद्ध के बाद इसे बंद कर दिया गया था। इसे 5 जुलाई, 2006 को व्यापार के लिए फिर से खोला गया है। बीसवीं सदी की शुरुआत में भारत और चीन के बीच 80 फीसदी व्यापार नाथू ला दर्रे के जरिये ही होता था। यह दर्रा प्राचीन रेशम मार्ग की एक शाखा का भी हिस्सा रहा है।*

***रोहतांग दर्रा:** हिमाचल प्रदेश में 13,050 फीट की ऊंचाई पर स्थित है यह दर्रा प्राचीन काल से ज्ञात है इसका पौराणिक नाम भृगु-तुंग है। यह दर्रा मौसम में अचानक अत्यधिक बदलावों के लिए जाना जाता है। इसके उत्तर में मनाली व दक्षिण में कुल्लू शहर मौजूद है। यह मनाली से 51 किलोमीटर दूर मनाली-लेह मार्ग में पड़ता है। इसे लाहौल और स्पीति जिलों का प्रवेश द्वार भी कहा जाता है। पूरे वर्ष यहां बर्फ की चादर बिछी रहती है।*

***पालघाट दर्रा :** यह दर्रा पश्चिमी घाट पर्वत श्रेणी का मुख्य दर्रा है। यह केरल को तमिलनाडु तथा कर्नाटक से जोड़ता है। यह दर्रा नीलगिरि पहाड़ियों (उत्तर) व अन्नामलाई पहाड़ियों (दक्षिण) के बीच में स्थित यह 32 कि.मी. चौड़ा है।]*

18. **समप्राय मैदान संबंधित है**

(a) वायु से (b) भूमिगत जल से

(c) हिमनद से (d) नदी से

जवाब - (D) *[नदी अपरदन द्वारा निर्मित समतल मैदान को समप्राय मैदान कहा जाता है। यह अक्सर समुद्र तल के निकट नदियों के अपरदन से बनते हैं।]*

19. **निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र 'टोडा जनजाति' का मूल निवास-क्षेत्र है?**

(a) जौनसार पहाड़ियां (b) गारो पहाड़ियां

(c) नीलगिरि पहाड़ियां (d) जयंतिया पहाड़ियां

जवाब - (C) *[टोडा जनजाति के लोग तमिलनाडु के नीलगिरि पठार पर रहते हैं। वे टोडा भाषा बोलते हैं, जो कन्नड़ भाषा से संबंधित एक द्रविड़ भाषा है। टोडा तीन से लेकर सात छोटी-छोटी झोपड़ियों वाली ऐसी बस्तियों में रहते हैं, जो चरागाह ढलानों पर दूर-दूर बिखरी होती हैं। इनकी झोपड़ियां लकड़ी के ढांचों पर खड़ी होती हैं तथा छतें अर्द्ध बेलनाकार व कमानीदार होती हैं। टोडा लोग दूध का धंधा और बरू व बांस की वस्तुओं का अपना परंपरागत व्यापार करते हैं। इनमें बहुपति विवाह सामान्य है। अनेक पुरुषों, आमतौर पर कई भाइयों की एक ही पत्नी हो सकती है। जब भी कोई टोडा स्त्री गर्भवती होती है, उसके पतियों में से कोई एक उसे आनुष्ठानिक रूप से तीर और कमान का खिलौना भेंट करता है और उसके बच्चे का सामाजिक पिता होने की घोषणा करता है।]*

20. **रास तनुरा तेल शोधनशाला कहां स्थित है?**

(a) ईरान

(b) संयुक्त राज्य अमेरिका

(c) सऊदी अरब

(d) इराक

जवाब - (C) *[रास तनुरा सऊदी अरब के पूर्वी प्रांत का एक शहर है। यह पर्सियन गल्फ के किनारे पर बसा है। सऊदी आर्मको एम्पलोयी कंपाउंड को भी रास तनुरा नाम दिया गया है। यह एक रिफाइनरी है, इसका दूसरा नाम नजमाह है। सऊदी आर्मको दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनी है और रास तनुरा इस कंपनी की सबसे महत्वपूर्ण रिफाइनरी है।]*

21. **अफीम का वानस्पतिक नाम क्या है?**

(a) एम्बलिका ऑफिसिनैलिस

(b) पैपैवर सोम्नीफेरम

(c) रौवॉल्फिया सर्पेंटाइना

(d) सिनकोना स्पीशीज

जवाब - (B) *[पेपेवर सोमनिफेरम के फूलों में निकले तरल को सुखा कर बनाए जाने वाले पदार्थ को अफीम कहा जाता है। इस पदार्थ के सेवन से मादकता आती है। इसका सेवन करने वाले को तेज नींद आती है। अफीम में 12 फीसदी तक मार्फीन (Morphine) होती है जिसको प्रसंस्कृत करके हैरोइन (Heroin) नामक मादक द्रव्य (ड्रग) तैयार किया जाता है।]*

22. विश्व से चेचक का उन्मूलन घोषित हुआ

(a) 1975 में (b) 1980 में

(c) 1996 में (d) 2008 में

जवाब - (B) *[चेचक जिसे शीतला या बड़ी माता, कहा जाता है। यह दुनिया के सबसे पुराने रोगों में से एक है। आयुर्वेद के ग्रंथों में इसका विस्तृत वर्णन मिलता है। इसके अलावा मिस्र में करीब 3500 वर्ष पुरानी एक ममी भी मिली है जिसकी त्वचा पर चेचक के समान चकत्ते मौजूद हैं। चीन में भी ईसा के कई शताब्दी पूर्व इस रोग का वर्णन पाया जाता है। छठी शताब्दी में यह रोग यूरोप में पहुंचा और 16वीं शताब्दी में स्पेन निवासियों द्वारा अमेरिका में पहुंचाया गया। 1718 में लेडी मेरी वोर्टले मेंटेग्यू ने पहली बार इसका सुई (Inoculation) के जरिये आसान इलाज खोजा। 1796 में जेनर ने इसके टीके का आविष्कार किया। चेचक विषाणु जनित रोग है, इसका प्रसार केवल मनुष्यों में होता है, इसके लिए दो विषाणु उत्तरदायी माने जाते है वायरोला मेजर और वायरोला माइनर। इस रोग के विषाणु त्वचा की लघु रक्त वाहिका, मुंह व गले में असर दिखाते हैं, मेजर विषाणु ज्यादा मारक होता है। यह रोग अत्यंत संक्रामक है। जब भी यह फैलता है तो महामारी के तौर पर फैला जाता है। हालांकि टीके के आविष्कार के बाद से यह कभी भी महामारी के तौर पर नहीं फैला है। 1950 के दशक तक इसके 50 मिलियन मामले प्रतिवर्ष होते थे, 1967 में विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक विश्व भर में 20 लाख मौतें इसकी वजह से हुईं इसके बाद चेचक उन्मूलन के लिए टीकाकरण अभियान चलाए गए और 1980 में दुनिया को इस रोग से संपूर्ण उन्मूलित कर दिया गया।]*

23. जीवाणुभोजी (बैक्टीरियोफेज) है

(a) पूंछयुक्त जीवाणु

(b) नवनिर्मित जीवाणु

(c) विषाणु को संक्रमित करने वाला जीवाणु

(d) जीवाणु को संक्रमित करने वाला जीवाणु

जवाब - (D) *[जीवाणु भोजी जीवाणुओं को संक्रमित करने वाले विषाणु होते हैं। बैक्टीरियोफेज, जिसे फैज या बैक्टीरियल वायरस भी कहा जाता है, यह वायरस का एक समूह है जो किसी भी बैक्टीरिया को संक्रमित करने में सक्षम है। बैक्टीरियॉफेज की खोज 1915 में ब्रिटेन के फ्रेडरिक डब्लू. टॉवर्ट ने की थी और 1917 में फ्रांस के फेलिक्स डी हेरेलल ने इसको बैक्टीरियॉफेज यानी बैक्टीरिया को खाने वाला नाम दिया था।]*

24. पौधों में अर्धसूत्री विभाजन के अध्ययन के लिए सबसे उपयुक्त भाग होगा

(a) प्ररोह शीर्ष (b) मूल शीर्ष

(c) परागकोश (d) पर्ण कोशिका

जवाब - (C) *[अर्धसूत्रण (Meiosis) एक विशेष प्रकार का कोशिका विभाजन है जो यूकैरिओट प्राणियों (Eukaryotes) में लैंगिग जनन के लिए आवश्यक है। अर्धसूत्रण द्वारा युग्मक (Gametes or Spores) कोशिकाएं पैदा होती हैं। सभी जंतुओं तथा भूमि पर उगने वाले पौधों सहित अधिकांश जीवधारियों में युग्मकों को अण्ड कोशिका तथा शुक्राणु कोशिका कहते हैं। हालांकि, अर्धसूत्री कोशिका विभाजन की प्रक्रिया और समसूत्री कोशिका विभाजन की प्रक्रिया में काफी समानताएं हैं, लेकिन अर्धसूत्री विभाजन, समसूत्री विभाजन से दो महत्वपूर्ण पक्षों में अलग है-*

अर्धसूत्रण में गुणसूत्रों का पुनर्संयोजन (Recombination) होता है और इस प्रक्रिया में जीनों (Genes) का पुनर्वितरण (Resuffle) हो जाता है। इससे प्रत्येक युग्मक (गैमीट) में नया जीन संचय (Combination) का उत्पन्न होता है। अर्धसूत्रण के नतीजतन चार अनुगुणित कोशिकाएं बनती हैं जो जीन की दृष्टि से अनन्य (Haploid) होती हैं। पौधों में परागकोश अर्द्धसूत्री विभाजन का महत्वपूर्ण घटक है इसमें स्फुटन से जनन की प्रक्रिया आगे बढ़ती है। स्फूटन एक पादप संरचना जैसे कि एक फल, परागकोश, या बीजाणुकोश (Sporangium) के परिपक्व होने पर स्वतः एकाएक खुल कर अपने अंदर समाहित सामग्री को बिखेरने को कहा जाता है।]

25. ध्वनि तरंगों का सबसे तीव्र प्रगमन होता है

(a) ठोस में (b) द्रव में

(c) गैस में (d) निर्वात में

जवाब - (A) *[ध्वनि (Sound) एक प्रकार का कंपन या विक्षोभ है जो किसी ठोस, द्रव या गैस से होकर संचारित होता है। लेकिन आमतौर पर केवल उन कंपनों को ही ध्वनि माना जाता है जो मानव के लिए श्रव्य हों। ध्वनि एक यांत्रिक तरंग है जबकि प्रकाश तरंग विद्युतचुम्बकीय तरंग होती है। यानी ध्वनि तरंगों को प्रकाश तरंगों के विपरीत संचरण के लिए माध्यम की जरूरत होती है। ठोस द्रव, गैस एवं प्लाज्मा में ध्वनि का संचरण सम्भव है। निर्वात में ध्वनि का संचरण नहीं हो सकता। द्रव, गैस एवं प्लाज्मा में ध्वनि केवल अनुदैर्ध्य तरंग (Longitudenal Wave) के रूप में चलती है जबकि ठोसों में यह अनुप्रस्थ तरंग (Transverse Wave) के रूप में संचरण कर सकती है। जिस माध्यम में ध्वनि का संचरण होता है यदि उसके कण ध्वनि की गति की दिशा में ही कंपन करते हैं तो उसे अनुदैर्ध्य तरंग कहते हैं; जब माध्यम के कणों का कम्पन ध्वनि की गति की दिशा के लंबवत होता है तो उसे अनुप्रस्थ तरंग कहते है।]*

26. मनुष्य की आंख में किसी वस्तु का प्रतिबिंब बनता है

(a) कॉर्निया में

(b) परितारिका (आइरिस) में

(c) पुतली में

(d) दृष्टिपटल (रेटिना) पर

जवाब - (D) *[कशेरुकी (Vertebrate) जीवों में दृष्टि पटल (Retina), आंख के अंदर एक प्रकाश-संवेदी ऊतक परत को कहा जाता है। आंख की प्रणाली एक लेंस की सहायता से इस पटल पर सामने का दृष्य प्रकाश के रूप में उतारती है और ये पटल लगभग एक फिल्म कैमरा की तरह उसे रासायनिक एवं विद्युत अभिक्रियाओं की एक श्रेणी के द्वारा तंत्रिकाओं को भेज देता है।]*

27. मानवों में गुर्दे निम्नलिखित में से किस प्रणाली के अंग हैं?

(a) न्यूट्रीशन (b) ट्रांसपोर्टेशन

(c) एक्सक्रीशन (d) रेस्पिरेशन

जवाब - (C) *[वृक्क या गुर्दे मानव मानव शरीर के उत्सर्जन तंत्र (Excretion System) का सबसे महत्वपूर्ण अंग हैं। मानवों के अलावा बहुत से वर्टिब्रेट पशुओं में गुर्दे मिलते हैं। ये मूत्र उत्सर्जन प्रणाली के अंग हैं। इनके द्वारा इलक्ट्रोलाइट, क्षार-अम्ल संतुलन और रक्तचाप का नियमन होता है। ये शरीर में रक्त के प्राकृतिक शोधक के रूप में कार्य करते हैं और अपशिष्ट को हटा कर मूत्राशय की ओर भेजते हैं। मूत्र का उत्पादन करते समय गुर्दे, यूरिया और अमोनियम जैसे अपशिष्ट पदार्थ उत्सर्जित करते हैं; गुर्दे जल, ग्लूकोज और अमिनो अम्लों का पुनरवशोषण भी करते हैं। गुर्दे हार्मोन भी उत्पन्न करते हैं, जिनमें कैल्सिट्रिओल (Calcitriol), रेनिन (Renin) और एरिथ्रोपिटिन (Erythropoietin) शामिल हैं।]*

28. निम्नलिखित में से कौन-सा रोग प्रोटोजोआ द्वारा होता है?

(a) हैजा (b) डिफ्थीरिया

(c) निमोनिया (d) मलेरिया

जवाब - (D) *[मलेरिया या दुर्वात एक वाहक-जनित संक्रामक रोग है जो प्रोटोजोआ परजीवी द्वारा फैलता है। यह मुख्य रूप से उष्ण तथा उपोष्ण कटिबंधी क्षेत्रों (अमेरिका, एशिया और अफ्रीका महाद्वीपों) में फैलता है। प्रत्येक वर्ष यह 51.5 करोड़ लोगों को प्रभावित करता है तथा 10 से 30 लाख लोगों की मृत्यु का कारण बनता है जिनमें से अधिकतर उप-सहारा अफ्रीका के बच्चे होते हैं। यह रोग प्लाज्मोडियम गण के प्रोटोजोआ परजीवी के माध्यम से फैलता है। केवल चार प्रकार के प्लाज्मोडियम (Plasmodium) परजीवी मनुष्य को प्रभावित करते हैं जिनमें से सर्वाधिक खतरनाक प्लाज्मोडियम फैल्सीपैरम (Plasmodium Falciparum) तथा प्लाज्मोडियम विवेक्स (Plasmodium Vivax) माने जाते हैं, साथ ही प्लाज्मोडियम ओवेल (Plasmodium Ovale) तथा प्लाज्मोडियम मलेरिये (Plasmodium Malariae) भी मानव को प्रभावित करते हैं। इस सारे समूह को मलेरिया परजीवी कहते हैं। मलेरिया के परजीवी का वाहक मादा एनोफिलेज (Anopheles) मच्छर होता है। इसके काटने पर मलेरिया के परजीवी लाल रक्त कोशिकाओं में प्रवेश कर के बहुगुणित होते हैं जिससे रक्तहीनता (एनीमिया) के लक्षण उभरते हैं (चक्कर आना, सांस फूलना आदि)। इसके अलावा अविशिष्ट लक्षण जैसे कि बुखार, सर्दी, उबकाई और जुखाम होने लगता है। गंभीर मामलों में मरीज मूर्च्छा में जा सकता है और मृत्यु भी हो सकती है।]*

29. संवहन द्वारा ऊष्मा का स्थानांतरण हो सकता है

(a) ठोस एवं द्रव में

(b) ठोस एवं निर्वात में

(c) गैस एवं द्रव में

(d) निर्वात एवं गैस में

जवाब - (C) *[संवहन ऊष्मा के स्थानांतरण या संचरण की एक विधि है। किसी तरल पदार्थ (गैस, द्रव या प्लाज्मा) में अणुओं के समग्र स्थानांतरण द्वारा ऊष्मा का लेन-देन होता है। ठोसों में संवहन सम्भव नहीं है किंतु तरल पदार्थों में संवहन ऊष्मा के अंतरण की एक मुख्य विधि है। संवहन द्वारा द्रव्यमान का भी स्थानांतरण होता है। संवहन द्वारा द्रव्यमान के इस स्थानांतरण के कारण ऊष्मा का स्थानांतरण होता है। अणुओं की इस प्रकार की गति को संवहन धारा कहते हैं।]*

30. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(a) विटामिन A-मैकुलन

(b) विटामिन B-मैकुलन

(c) विटामिन C-जेम्स लिंड

(d) विटामिन D-पॉल मूलर

जवाब - (D)

विटामिन A	*मैकुलन*
विटामिन B	*मैकुलन*
विटामिन C	*होल्कत/ जेम्स लिंड*
विटामिन D	*हांपकिंस*

31. लेंस की शक्ति मापी जाती है

(a) डायोप्टर में (b) इअन में

(c) ल्यूमन में (d) कैंडेला में

जवाब - (A) *[डायोप्टर (Dioptre) लेंस की प्रकाशीय शक्ति का मात्रक है। किसी लेंस की फोकस दूरी **f** मीटर हो तो उसकी प्रकाशीय शक्ति **1/f** डायोप्टर होती है।]*

32. निम्नलिखित में से किसे एक स्नेहक (लूब्रिकेंट) के रूप में भी प्रयोग किया जाता है?

(a) क्यूप्राइट (b) ग्रेफाइट

(c) हेमेटाइट (d) क्रायोलाइट

जवाब - (B) *[ग्रेफाइट कार्बन का एक बहुरूप है। काले भूरे रंग का यह साइबेरिया, अमेरिका, कोरिया, न्यूजीलैण्ड तथा इटली में पाया जाता है। इसमें एक विशेष प्रकार की चमक पायी जाती है एवं यह विद्युत तथा ताप का सुचालक होता है। इसका आपेक्षिक घनत्व 2.25 है। यह 7000 डिग्री सेल्सियस पर जलकर कार्बन डाई-आक्साइड बनाता है। ग्रेफाइट अधातु होकर भी मुलायम और विद्युत चालक है। इसके अपवादात्मक गुण उसकी विशिष्ट संरचना के कारण होते हैं। इसमें कार्बन परमाणु विभिन्न परतों में व्यवस्थित होते हैं और प्रत्येक परमाणु उसी परत के तीन निकटवर्ती परमाणुओं से सहसंयोजक बंधन में होता है। प्रत्येक*

परमाणु का चौथा संयोजी इलेक्ट्रॉन अलग परतों के मध्य उपस्थित होता है और यह गमन के लिए मुक्त होता है। यही मुक्त इलेक्ट्रॉन ग्रेफाइट को विद्युत का उत्तम चालक बनाते हैं। विभिन परतें एक-दूसरे पर सरक सकती हैं। ये गुण ग्रेफाइट को मुलायम ठोस और उत्तम ठोस स्नेहक बनाते हैं।]

33. **'हास्य गैस' है**

(a) हाइड्रोजन पर ऑक्साइड

(b) नाइट्रस ऑक्साइड

(c) कार्बन मोनोक्साइड

(d) सल्फर डाइऑक्साइड

जवाब - (B) *[द्विभूयाति जारेय या नाइट्रस ऑक्साइड (N_2O), जिसे हास्य गैस भी कहा जाता, यह एक रासायनिक अकार्बनिक यौगिक है। सामान्य तापमान पर यह रंगहीन, अज्वलनशील होती है जिसमें मोहक गंध और हल्का मीठा स्वाद होता है। इसका प्रयोग शल्य क्रिया और दंत चिकित्सा में एनस्थीसिया और एनल्जेसिक प्रभाव के लिए किया जाता है।]*

34. **तड़ित् (बिजली चमकना) से वृक्ष में आग भी लग सकती है, क्योंकि इसमें अत्यधिक मात्रा में होती है**

(a) ऊष्मीय ऊर्जा (b) विद्युत् ऊर्जा

(c) रासायनिक ऊर्जा (d) नाभिकीय ऊर्जा

जवाब - (B) *[तड़ित् (Lightning) वायुमण्डल में विद्युत आवेश के निस्सरण (Discharge) की प्रक्रिया है। इसमें अनियंत्रित व अत्यधिक तीव्र विद्युत धारा होती है जिसका कड़कड़ाहट (Thunder) के साथ निस्सरण होता है। दुनियाभर में प्रतिवर्ष लगभग 1 करोड़ 60 लाख तड़ित् पैदा होते हैं। तड़ित् प्रायः कपासी (Cumulonimbus) मेघों में बनते हैं। इन मेघों में अत्यंत प्रबल ऊर्ध्वगामी पवनधाराएं चलती हैं, जो लगभग 40,000 फीट की ऊंचाई तक पहुंचती हैं। इनमें कुछ ऐसी क्रियाएं होती हैं जिनके कारण इनमें विद्युत आवेशों की उत्पत्ति तथा वियोजन होता रहता है। इन क्रियाओं के स्पष्टीकरण के लिए विल्सन, सिंपसन, सक्रेज (Scrase) आदि ने अपने सिद्धांत प्रस्तुत किए हैं, जो परस्पर विरोधी जान पड़ते हैं, लेकिन तड़ित् की निर्माण प्रक्रिया पर इनमें सहमति है कि यह मेघों में होती है और इसके लिए उन मेघों में विद्यमान जल या हिमकण अवक्षेपण कण (Precipitation Particles) ही उत्तरदायी होते हैं। तड़ित् के किसी वस्तु पर आकर गिरने से उसका जलना आम बात है।]*

35. **जम्मू-कश्मीर की आठ वर्षीया तजाम्मुल इस्लाम किस खेल से संबंधित है?**

(a) स्क्वॉश (b) किक-बॉक्सिंग

(c) तैराकी (d) फुटबॉल

जवाब - (B) *[कश्मीर की आठ साल की तजामुल इस्लाम ने इटली में वर्ल्ड किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता। तजामुल भारत की पहली खिलाड़ी हैं जिन्होंने सब जूनियर कैटेगरी में इस प्रतियोगिता में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता है। तजामुल इस्लाम, जम्मू कश्मीर में बांडीपोरा जिले की निवासी हैं।]*

36. **इनमें से कौन मध्य प्रदेश का हॉकी खिलाड़ी था?**

(a) समीर दाद (b) कीर्ति पटेल

(c) माइकल नाथ (d) अमित बनर्जी

जवाब - (A) *[समीर दाद 2000 में सिडनी में हुए ओलिंपिक खेलों में भारतीय हॉकी टीम के सदस्य थे। बाद में वे भारतीय हॉकी टीम के कोच बने। समीर भोपाल से संबंध रखते हैं। उनका शुरुआती जीवन भोपाल में ही बीता था।]*

37. **पारसी क्लब की स्थापना से किस खेल की परंपरा प्रारंभ हुई?**

(a) हॉकी (b) फुटबॉल

(c) क्रिकेट (d) टेबल टेनिस

जवाब - (C) *[भारत में क्रिकेट को लोकप्रिय बनाने का श्रेय बम्बई के पारसी समुदाय को दिया जाता है। पारसी समुदाय व्यापार के चलते सबसे पहले अंग्रेजों के संपर्क में आया और उनकी संस्कृति को ग्रहण करने वाला पहला भारतीय समुदाय बना। इसी क्रम में पारसियों ने 1848 में बम्बई में क्रिकेट क्लब की स्थापना की जिसका नाम ओरिएंटल क्रिकेट क्लब था। पारसी क्लबों के प्रायोजक व वित्तपोषक टाटा व वाडिया जैसे पारसी व्यवसायी थे।]*

38. **रूप सिंह स्टेडियम कहां स्थित है?**

(a) ग्वालियर (b) इंदौर

(c) भोपाल (d) जबलपुर

जवाब - (A) *[रूप सिंह हॉकी के भूतपूर्व खिलाड़ी थे। दुनियाभर में उन्हें हॉकी के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में शुमार किया जाता है। वे दो बार ओलम्पिक के स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के सदस्य रहे हैं जिनमें 1932 का लॉस एंजेल्स ओलम्पिक एवं 1936 का बर्लिन ओलम्पिक शामिल है। रूप सिंह हॉकी के जादूगर नाम से मशहूर ध्यानचंद के छोटे भाई थे। रूप सिंह के सम्मान में ग्वालियर के एक स्टेडियम का नाम रूप सिंह स्टेडियम रखा गया है।]*

39. **अमिताभ विजयवर्गीय किस खेल से संबंधित है?**

(a) हॉकी

(b) फुटबॉल

(c) क्रिकेट

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

जवाब - (C)

40. **1987 में खेले गए क्रिकेट विश्व कप का क्या नाम था?**

(a) रिलायंस कप

(b) बेंसन एंड हेजेज कप

(c) विल्स कप

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

जवाब - (A) *[1987 क्रिकेट विश्व कप का आधिकारिक नाम रिलायंस विश्व कप था। यह क्रिकेट विश्व कप का चौथा संस्करण था। यह भारत और पाकिस्तान में 8 अक्टूबर से 8 नवंबर, 1987 तक संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। विश्व कप को रिलायंस इण्डस्ट्रीज द्वारा प्रायोजित किया गया था और इसमें आठ टीमों ने भाग लिया था। टूर्नामेंट का फाइनल ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच हुआ था जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 7 रन से पराजित कर पहला क्रिकेट विश्व कप जीता था।]*

41. सचिन तेंदुलकर को अर्जुन पुरस्कार किस वर्ष प्रदान किया गया?

(a) 1990 (b) 1994

(c) 1997 (d) 1999

जवाब - (B) *[सचिन तेंदुलकर पूरी दुनिया में क्रिकेट के महानतम खिलाड़ी माने जाते हैं। इसी के चलते नवंबर 2013 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गयी थी। सचिन भारत रत्न हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी हैं और सबसे कम उम्र के व्यक्ति हैं। भारत रत्न से पहले सचिन को 1994 में अर्जुन पुरस्कार, 1998 में राजीव गांधी खेल रत्न, 1999 में पद्मश्री 2001 में महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार और 2008 में पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।]*

42. राष्ट्रमंडल खेलों का प्रारंभ किस वर्ष हुआ?

(a) 1922 (b) 1925

(c) 1927 (d) 1930

जवाब - (D) *[रिवरेंड एश्ले कूपर नाम के अंग्रेज अधिकारी ने ब्रिटिश हुकूमत वाले देशों में खेलों के एक महा आयोजन का विचार दिया था। उनका मानना था कि इससे इन देशों में खेल की भावना बढ़ेगी साथ ही लोगों के मन में ब्रिटिश हुकूमत के प्रति अच्छी भावना आएगी। कूपर के विचार के आधार पर 1928 में कनाडियाई मूल के एथलीट बॉबी रॉबिनसन को पहले राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन की जिम्मेदारी दी गई थी। 1930 में कनाडा के ओंटारियो स्थित हेमिल्टन शहर में पहली बार ये खेल आयोजित किए गए। इन खेलों में 11 देशों के 400 एथलीट्स ने हिस्सा लिया था। इसके बाद हर चौथे वर्ष राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन किया जाने लगा था। सिर्फ दूसरे विश्व युद्ध के दौरान इनका आयोजन नहीं किया जा सका था।]*

43. निम्नलिखित में से कौन-सा देश टी-20 क्रिकेट विश्व कप (पुरुष) में कभी भी विजेता नहीं रहा है?

(a) भारत (b) ऑस्ट्रेलिया

(c) इंग्लैंड (d) पाकिस्तान

जवाब - (B) *[अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टी-20 क्रिकेट विश्वकप का आयोजन करता है। पहला टी-20 विश्वकप दक्षिण अफ्रीका में सितंबर 2007 में हुआ था। टी-20 विश्व कप के अब-तक के आयोजनों की सूची नीचे दी गई है।*

वर्ष	स्थान	विजेता
2007	साउथ अफ्रीका	भारत
2009	इंग्लैंड	पाकिस्तान
2010	वेस्ट इंडीज	इंग्लैंड
2012	श्रीलंका	वेस्ट इंडीज
2014	बांग्लादेश	श्रीलंका
2016	भारत	वेस्ट इंडीज

44. निम्नलिखित में से किस वर्ष का ओलंपिक लंदन में नहीं हुआ था?

(a) 2012 (b) 1968

(c) 1948 (d) 1908

जवाब - (B) *[लंदन में 1908, 1944, 1948 व 2012 में ओलंपिक खेले आयोजित किए गए। 1968 में ओलंपिक खेलों का आयोजन फ्रांस के ग्रेनोबल में किया गया था। 2016 के ओलंपिक खेल ब्राजील के रियो शहर में हुए थे व आने वाले ओलंपिक खेलों का आयोजन जापान के टोक्यो में 2020 में आयोजित होंगे।]*

45. इंटरनेट की उस सेवा को, जो 'ऑडियो' एवं 'वीडियो' वार्तालाप प्रदान करती है, कहते हैं

(a) चैट (b) ई-मेल

(c) वीडिये कॉन्फ्रेंसिंग (d) वीडियो चैट

जवाब - (C) *[वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आधुनिक संचार तकनीक है, जिसके माध्यम से दो या इससे अधिक स्थानों से एक साथ ऑडियो-वीडियो माध्यम से कई लोग जुड़ सकते हैं। इसे वीडियो टेलीकॉन्फ्रेंस भी कहा जाता है। इसका प्रयोग खासकर किसी बैठक या सम्मेलन के लिए तब किया जाता है, जब कई लोग अलग-अलग स्थानों पर बैठे हों। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग माध्यम से अभिलेखों और कम्प्यूटर पर चल रही सूचनाओं का आदान-प्रदान भी किया जा सकता है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में वीडियो कैमरा या वेब कैम, कम्प्यूटर मॉनिटर, टेलीविजन या प्रोजेक्टर, माइक्रोफोन, लाउडस्पीकर और इंटरनेट की आवश्यकता होती है। जिन देशों में टेलीमेडिसिन और टेलीनर्सिंग को मान्यता प्राप्त है, वहां लोग आपातकाल में नर्स और डॉक्टरों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।]*

46. निम्नलिखित में से कौन-सा वेब ब्राउजर नहीं है?

(a) ओपेरा (b) गूगल ऐप्स

(c) विवाल्डी (d) मोजिला फायरफॉक्स

जवाब - (B) *[गूगल एप, गूगल की एक सेवा है, जो एक कस्टम डोमेन नाम के तहत गूगल उत्पादों के अनुकूलित किए जाने योग्य (कस्टमाइजेबल) कई संस्करणों को स्वतंत्र रूप से उपलब्ध कराती है। इसमें जीमेल, गूगल वेब, गूगल कैलेंडर, टॉक, डॉक्स जैसी वेब अनुप्रयोग सुविधाएं होती हैं।]*

47. कंप्यूटर सुरक्षा के संदर्भ में क्रैकर्स किस नाम से जाने जाते हैं?

(a) ब्लैक हैट हैकर्स

(b) व्हाइट हैट हैकर्स

(c) एलीट हैकर्स

(d) स्क्रिप्ट किड्डी

जवाब - (A) *[हैकर एक ऐसा व्यक्ति होता है, जो सामान्यतः प्रशासकीय नियंत्रणों तक पहुंच बनाकर कम्प्यूटरों के सुरक्षा-घेरे को तोड़ता है। ब्लैक हैट हैकर, या क्रैकर ऐसा व्यक्ति होता है, जो किसी प्राधिकार के बिना कम्प्यूटर सुरक्षा का भेदन करता है और प्रौद्योगिकी (सामान्यतः कोई कम्प्यूटर, फोन सिस्टम या नेटवर्क) का प्रयोग जान-बूझकर सामानों को क्षति पहुंचाने, क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी करने, पहचान चुराने, चोरी और अन्य प्रकार की गैरकानूनी गतिविधियों के लिए करता है।]*

48. **डकडकगो (DuckDuckGo) है, एक**

(a) सर्च इंजन

(b) वेब ब्राउजर

(c) वाइरस

(d) न्यूज वेबसाइट

जवाब - (A) *[डकडकगो एक सर्च इंजन है जो इंटरनेट उपयोग करने वालों की निजता पर जोर देता है।]*

49. **ईथरनेट (Ethernet) एक उदाहरण है**

(a) मैन (MAN) का

(b) लैन (LAN) का

(c) वैन (WAN) का

(d) वाई-फाई (Wi-Fi) का

जवाब - (B) *[ईथरनेट, लोकल एरिया नेटवर्क तैयार करने का एक प्रोटोकॉल होता है। यह 1970 के आरंभिक दशक से चली आ रही विश्वसनीय नेटवर्किंग उपलब्ध कराने वाली सेवा है। इसकी अभिकल्पना 1973 में बॉब मेट कॉफ ने की थी। बाद में डिजिटल, इंटेल और जेरॉक्स के प्रयासों से यह लोकल एरिया नेटवर्क का एक मानक प्रतिरूप बन गया। ईथरनेट केबलों के माध्यम से विस्तार किया जाता है। इसके केबल कई रूपों में उपलब्ध होते हैं। इसमें CAT3, CAT5, CAT5ई और CAT6 सबसे अधिक प्रचलित हैं। इनकी डिजाइन इनके प्रयोग पर निर्भर होती है और इनकी कीमत गुणवत्ता के अनुसार बढ़ती जाती है। ईथरनेट केबल का प्रयोग प्रायः उच्च-गति वाले कंप्यूटर नेटवर्क के लिए किया जाता है। साथ ही इसका प्रयोग ब्रॉडबैंड के लिए भी होता है।]*

50. **मोडेम (Modem) परिवर्तित करता है**

(a) एनालॉग सिग्नलों को डिजिटल सिग्नलों में

(b) डिजिटल सिग्नलों को ऐनालॉग सिग्नलों में

(c) दोनों (A) तथा (B)

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

जवाब - (C) *[मॉडेम (Modem) मॉडुलेटर-डीमॉडुलेटर (Modulator-Demodulator) का संक्षिप्त रूप है। यह एक ऐसी युक्ति (डिवाइस) है जो किसी आंकिक (डिजिटल) सूचना को मॉडुलेट करके एनालॉग (Analog) प्रारूप में भेजती है और जो एनालॉग प्रारूप में इसे सिग्नल मिलता है उसे डी-मॉडुलेट करके डिजिटल रूप में ग्रहण करती है। यह किसी संचरण के माध्यम (Transmission Media) और आंकिक मशीन (जैसे कम्प्यूटर) के बीच संचार स्थापित करने के लिए आवश्यक अवयव है।]*

51. **निम्नलिखित में से किस अधिनियम द्वारा 'संवैधानिक निरंकुशता का सिद्धांत' प्रवृत्त किया गया?**

(a) 1909 का भारतीय काउंसिल अधिनियम

(b) 1919 का भारत सरकार अधिनियम

(c) 1935 का भारत सरकार अधिनियम

(d) 1947 का भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम

जवाब - (C) *[भारत सरकार अधिनियम- 1935 में कुल 321 धारायें एवं 10 सूचियों का समावेश था। अधिनियम में केंद्र में द्वैध शासन की व्यवस्था की गई। संघीय विषयों को दो भागों में विभाजित कर संरक्षित एवं हस्तांतरित में किया गया। संरक्षित विषय का प्रशासन गवर्नर-जनरल कुछ पार्षदों की सहायता से करता था, जो संघीय व्यवस्थापिका के प्रति उत्तरदायी नहीं थे। हस्तांतरित विषयों का प्रशासन गवर्नर-जनरल द्वारा मंत्रियों को सौंपा गया। मंत्री विधान मण्डल के सदस्यों में से चुने जाते थे तथा उसके प्रति उत्तरदायी होते थे। इस अधिनियम में एक अखिल भारतीय संघ की व्यवस्था की गई। इस संघ का निर्माण ब्रिटिश भारत के प्रांतों, चीफ कमिश्नर प्रांतों व देशी रियासतों से मिलाकर होना था, लेकिन यह व्यवस्था लागू न हो सकी, क्योंकि प्रस्तावित संघ में भारतीय प्रांतों का सम्मिलित होना अनिवार्य था, लेकिन भारतीय रियासतों का सम्मिलित होना वैकल्पिक था। प्रांतीय विधान मण्डलों का विस्तार किया गया, प्रांतों में 11 में से 6 विधान मण्डलों में दो सदनों की व्यवस्था की गई। केंद्रीय विधान मण्डल के सदस्यों की संख्या में वृद्धि की गई। प्रांतों में मताधिकार का विस्तार किया गया। साम्प्रदायिक निर्वाचन को और बढ़ाकर इसे हरिजनों तक विस्तृत किया गया। विवादों के निपटारे के लिए संघीय न्यायालय अंतिम न्यायालय नहीं था। अंतिम न्यायालय प्रिवी काउंसिल थी। बर्मा (वर्तमान म्यांमार) को भारत से अलग कर दिया गया। गृह सरकार में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए, जिन विषयों पर गवर्नर जनरल अपने मंत्रियों के सहयोग से कार्य करता था, उन पर भारत मंत्री के अधिकारों को समाप्त कर दिया और साथ ही इण्डियन काउंसिल को समाप्त कर दिया गया। अधिनियम के तहत एक संघीय न्यायालय एवं रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया की स्थापना की गई।]*

52. **www का आविष्कारक कौन है?**

(a) बिल गेट्स

(b) टिम बर्नर्स-ली

(c) टिमोथी बिल

(d) रे टोमलिंसन

जवाब - (B) *[टिम बर्नर्स ली विश्व व्यापी वेब (World wide web) के अविष्कारक हैं। ली विश्व व्यापी वेब संघ के निर्देशक और एक शोधकर्त्ता हैं। सर्न (Conseil Européen pour la Recherche Nucléaire) यूरोपियन देशों की नाभकीय प्रयोगशाला है। टिम 1984 से वहीं फेलो के रूप में काम करने लगे। वहां हर तरह के कंप्यूटर थे जिन पर अलग अलग के फॉरमैट पर सूचना रखी जाती थी। टिम का मुख्य काम था सूचनाओं को एक कंप्यूटर से दूसरे पर आसानी से भेजने का तरीका खोजना। इस काम के लिए उन्होंने दुनिया का पहला वेब पेज 6 अगस्त, 1991 को सर्न में बनाया। 30 अप्रैल, 1993 को टिम के आग्रह पर सर्न ने इस तकनीक को पूरी दुनिया में इस्तेमाल के लिए मुक्त कर दिया। यह पूरी दुनिया के लिए मुफ्त व मुक्त रूप से उपलब्ध है।]*

53. **किसी बल्लेबाज द्वारा क्रिकेट की गेंद को मारने पर गेंद समतल जमीन पर लुढ़कती है। कुछ दूर लुढ़कने के पश्चात् गेंद रुक जाती है। गेंद रुकने के लिए धीमी होती है, क्योंकि**

(a) बल्लेबाज ने गेंद को पर्याप्त प्रयास से हिट नहीं किया

(b) वेग, गेंद पर लगाए गए बल के समानुपाती है

(c) गेंद पर गति की दिशा के विपरीत एक बल कार्य कर रहा है

(d) गेंद पर कोई असंतुलित बल कार्यरत नहीं है, अतः गेंद विरामावस्था में आने के लिए प्रयासरत है

जवाब - (C) *[भौतिकी में, बल एक सदिश राशि है जिससे किसी पिण्ड का वेग बदल सकता है। न्यूटन के गति के द्वितीय नियम के अनुसार, बल का मान संवेग में परिवर्तन की दर के अनुपाती होता है। बल से त्रिविम पिण्ड का विरूपण या घूर्णन भी हो सकता है, या दाब में बदलाव हो सकता है। जब बल से कोणीय वेग में बदलाव होता है, उसे बल आघूर्ण कहा जाता है।*

न्यूटन के गति के नियम

न्यूटन के गति के तीन नियम किसी वस्तु पर लगने वाले बल एवं उस वस्तु की गति के बीच सम्बंध बताते हैं।

***पहला नियम :** यदि कोई वस्तु स्थिर है तो स्थिर ही रहेगी और गतिमान है तो स्थिर वेग से गतिशील ही रहेगी जब तक उस पर कोई बाह्य बल न लगाया जाए। न्यूटन के मुताबिक, प्रत्येक वस्तु में स्थिति परिवर्तन का विरोध करने की प्राकृतिक प्रवृत्ती होती है। इस प्रवृत्ती को जड़त्व कहा जाता है और इसलिए प्रथम नियम को जड़त्व का नियम भी कहा जाता है।*

***दूसरा नियम :** संवेग परिवर्तन की दर लगाए गए बल के समानुपाती होती है और उसकी (संवेग परिवर्तन की) दिशा वही होती है जो बल की होती है। यानि किसी पिण्ड का त्वरण आरोपित बल के अनुक्रमानुपाती है। इसे संवेग का नियम भी कहा जाता है।*

***तीसरा नियम :** प्रत्येक क्रिया के बराबर एवं विपरीत प्रतिक्रिया होती है। न्यूटन ने इस नियम का इस्तेमाल करके संवेग संरक्षण के नियम का वर्णन किया, इस तरह असल में यह संवेग संरक्षण एक मूलभूत सिद्धांत है। कई उदाहरण हैं जिनमें संवेग संरक्षित होता है लेकिन तृतीय नियम मान्य नहीं है।]*

54. **मांडू में स्थित जहाज महल का निर्माण इनमें से किस शासक ने करवाया था?**

(a) महमूद शाह खिलजी

(b) अलाउद्दीन खिलजी

(c) भोज परमार

(d) होशंग शाह

जवाब - (*) *[माण्डू या माण्डवगढ़, धार जिले के माण्डव क्षेत्र में स्थित एक प्राचीन शहर है। यह भारत के पश्चिमी मध्य प्रदेश के मालवा क्षेत्र में स्थित है। यह धार शहर से 35 किमी दूर स्थित है। यह 11 वीं शताब्दी में, माण्डू तारागंगा या तरंगा राज्य का उपभाग था। परमारों के शासनकाल में यह विकास और भव्यता के शीर्ष पर था। यह स्थान रामायण तथा महाभारत के समय का है लेकिन इस नगर का नियमित इतिहास मध्य काल से ही मिलता है। कन्नौज के प्रतिहारों नरेशों के समय में परमार वंशीय श्रीसरमन मालवा को राज्यपाल नियुक्त किया गया था। उस समय भी मांडवगढ़ काफी भव्य नगर था। प्रतिहारों के पतन के बाद परमार स्वतंत्र हो गए और उनकी वंश परंपरा में मुंज, भोज आदि प्रसिद्ध नरेश हुए।*

***स्थापत्य :** मांडू में दाखिल होने के लिए 12 दरवाजे हैं। मुख्य रास्ता दिल्ली दरवाजा कहलाता है। दूसरे दरवाजे रामगोपाल दरवाजा, जहांगीर दरवाजा और तारापुर दरवाजा कहलाते हैं।*

***जहाज महल :** जहाजनुमा आकार में इस महल को दो मानवनिर्मित तालाबों के बीच बनाया गया था। जहाज महल का निर्माण 1469 से 1500 ईस्वी के मध्य सुल्तान गयासुद्दीन खिलजी ने कराया था।*

***हिंडोला महल :** टेढ़ी दीवारों के कारण इस महल को हिंडोला महल कहा जाता है।*

होशंग शाह की मस्जिद, जामी मस्जिद, नहर झरोखा, बाज बहादुर महल, रानी रूपमति महल और नीलकंठ महल भी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।]

55. **आइन-उल-मुल्क मुल्तानी ने इनमें से किस शासक के अधीन सेवा नहीं की थी?**

(a) अलाउद्दीन खिलजी

(b) मुहम्मद बिन तुगलक

(c) फिरोज तुगलक

(d) इल्तुतमिश

जवाब - (D) *[आइन-उल-मुल्क मुल्तानी को 1296 से 1303 के बीच अलाउद्दीन खिलजी ने मालवा अभियान में लगाए रखा बाद में उसे मालवा का गवर्नर बना दिया था। इसके बाद आइन उल-मुल्क ने मुहम्मद बिन तुगलक (1325-1351) के शासन में काम किया और 1340-1341 में अवध का गवर्नर रहा। बाद में जब उसे 1341 में अवध से दक्कन की तरफ स्थानांतरित होने का आदेश दिया गया, तो वह*

बहुत परेशान था और उसने विद्रोह किया। मुहम्मद बिन तुगलक आइन उल-मुल्क को पकड़ कर कैद कर लिया लेकिन बाद में फिर से अपनी सेवा में बहाल कर दिया। उसे बाद में शाही उद्यान का अधीक्षक बना दिया गया। इसके बाद मुल्तानी गुमनामी की जिंदगी में फिरोज तुगलक के काल तक जीवित रहा।]

56. **निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

(a) स्विट्जरलैंड का राष्ट्रपति - जोहान श्नाइजर-अम्मान

(b) मैक्सिको का राष्ट्रपति - एनरिक पेना नीटो

(c) नामीबिया का राष्ट्रपति - हेग गींगोब

(d) कोटे डी आइवरी का राष्ट्रपति - एंजेला मर्केल

जवाब - (D) *[कोटे डी आइवर गणराज्य के राष्ट्रपति एलॉसने औत्रा हैं। जबकि एंजेला मर्केल जर्मनी की चांसलर हैं।]*

57. **निम्नलिखित में से कौन-सी पर्वत श्रृंखला भारत में केवल एक राज्य में फैली है?**

(a) अरावली (b) सतपुड़ा

(c) अजंता (d) सह्याद्री

जवाब - (C) *[अजंता श्रेणी उत्तर-मध्य महाराष्ट्र में स्थित है। यह श्रेणी ताप्ती नदी के पश्चिम से पूर्व की ओर फैली है। इसमें स्थित गुफाएं गुप्तकालीन भित्ति चित्रकारी के लिए प्रसिद्ध हैं। चट्टानों को काटकर बनाए गए बौद्ध गुफा मंदिर व मठ अजंता गांव के पास हैं जिसकी वजह से इन्हें अजंता नाम से जाना जाता है।]*

58. **राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष का कार्यकाल होता है**

(a) 3 वर्ष (b) 4 वर्ष

(c) 5 वर्ष (d) 6 वर्ष

जवाब - (C) *[राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की स्थापना केंद्र सरकार द्वारा अक्टूबर 1993 में मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के तहत की गई थी। आयोग में कुल आठ सदस्य होते हैं- एक अध्यक्ष, एक वर्तमान अथवा पूर्व सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश, एक वर्तमान अथवा भूतपूर्व उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश, मानवाधिकार के क्षेत्र में जानकारी रखने वाले कोई दो सदस्य तथा राष्ट्रीय महिला आयोग, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग एवं राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष। इसके अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों का कार्यकाल पांच वर्ष का होता है। राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का गठन प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में गठित एक समिति की संस्तुति पर किया गया था। इस समिति में लोक सभा अध्यक्ष, गृह मंत्री, सदन में विपक्ष के नेता तथा राज्य सभा के उप-सभापति शामिल होते हैं। सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया जा सकता है।]*

59. **इनमें से वह प्रथम नेता कौन था, जिसने भारत में मजदूर आंदोलन को संगठित किया?**

(a) बी.पी. वालिया

(b) लाला लाजपत राय

(c) एन.एम. लोखण्डी

(d) एन.जी. रंगा

जवाब - (C) *[भारत में आधुनिक उद्योगों की शुरुआत 1850 ई. से 1870 ई. के बीच हुई थी। औद्योगीकरण के साथ-साथ इस क्षेत्र में अनेक बुराइयां जैसे- अधिक समय तक श्रमिकों से काम लेना, कठोर श्रम, आवास की असुविधा, कम पारिश्रमिक, मृत्यु दर में अधिकता आदि व्याप्त थीं। इन बुराइयों को थोड़ा बहुत कम करने के लिए ब्रिटिश भारत की सरकार ने कई कारखाना अधिनियम बनाए लेकिन इन अधिनियमों द्वारा इन क्षेत्रों में कोई क्रांतिकारी परिवर्तन नहीं हुआ। श्रमिकों ने औपनिवेशिक राज्य से लड़ने के लिए संगठन की आवश्यकता महसूस की, जिसके परिणामस्वरूप 1884 ई. में भारत के पहले श्रमिक संघ, बम्बई मिल हैण्ड ऐसोसिएशन की स्थापना एन.एम.लोखण्डे के नेतृत्व में की गई।]*

60. **जो रूट किस खेल से संबंधित हैं?**

(a) क्रिकेट (b) शतरंज

(c) पोलो (d) गोल्फ

जवाब - (A)

61. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैकब जूमा से जुलाई 2016 में मिले, जो हैं**

(a) नामीबिया के राष्ट्रपति

(b) कतर के राष्ट्रपति

(c) मैक्सिको के राष्ट्रपति

(d) दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति

जवाब - (D)

62. **फुटबॉल के मोहन बागान क्लब की स्थापना किस वर्ष हुई थी?**

(a) 1850 (b) 1879

(c) 1889 (d) 1901

जवाब - (C) *[मोहन बागान एथलेटिक क्लब, कोलकाता में स्थित एक भारतीय फुटबॉल क्लब है। यह क्लब 15 अगस्त, 1889 को स्थापित किया गया था, इसे भारत का राष्ट्रीय क्लब कहा जाता है यह एशिया का सबसे पुराना फुटबॉल क्लब है। मोहन बागान किसी यूरोपीय टीम को हराने वाली पहली भारतीय टीम थी। मोहन बागान ने 1911 में ईस्ट यॉर्कशायर रेजीमेंट को हराया था। मोहन बागान की ईस्ट बंगाल क्लब के साथ एक लंबे समय से प्रतिद्वंद्विता रही है, जिसके साथ यह कोलकाता डर्बी प्रतियोगिता में भाग लेता है।]*

63. **मई 2016 में निम्नलिखित में से किस देश में पहली बार महिला राष्ट्रपति बनीं?**

(a) ताइवान (b) म्यांमार

(c) अंगोला (d) नामीबिया

जवाब - (A) *[साई इंग वेन 16 जनवरी, 2016 को ताइवान की प्रथम महिला राष्ट्रपति चुनी गईं। राजनीति में आने के पहले वे प्राध्यापक थीं। 2012 के चुनाव में यह डेमोक्रेटिक पार्टी से राष्ट्रपति की उम्मीदवार थीं लेकिन इसमें पराजित हो गईं थीं। इसमें इन्हें 45 फीसदी ही वोट मिले थे। लेकिन 2016 के चुनावों में उन्हें भारी बहुमत से जीत हासिल हुई।]*

64. **2016 के फ्रेंच ओपन का पुरुष एकल का खिताब किसने जीता?**

(a) इबान डोडिज (b) नोवाक जोकोविक

(c) एंडी मरे (d) रोजर फेडरर

जवाब - (B) *[दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविक ने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए ब्रिटेन के एंडी मरे को हराकर पहली बार 2016 में फ्रेंच ओपन का पुरुष एकल का खिताब जीता। फ्रेंच ओपन का पुरुष एकल का खिताब जीतने के साथ ही एक ही समय में चारों ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम करने वाले टेनिस इतिहास के तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। जोकोविक ने अपने करियर का 12वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीता है।]*

65. **मनोहर आरच को 'पॉकिट हर्क्यूलिस' कहा जाता था। वे थे, एक**

(a) मुक्केबाज (b) एथलीट

(c) तैराक (d) बॉडीबिल्डर

जवाब - (D)

66. **'रंजीत सब-1' एवं 'बहादुर सब-1' क्या है?**

(a) दो लड़ाकू विमान

(b) दो पनडुब्बियां

(c) धान की दो नई किस्में

(d) गेहूं की दो नई किस्में

जवाब - (C) *[असम में शोधकताओं ने धान की दो किस्म रंजीत सब-1 एवं बहादुर सब-1 का विकास किया है। असम के कृषि अनुसंधान विश्वविद्यालय में शोधकताओं ने धान की इन दो किस्मों का विकास किया है जो बेहतर पैदावार देंगी व इनके लिए जल की आवश्यकता कम होगी व इन्हें खरीफ के दौरान भी उगाया जा सकेगा।]*

67. **मई 2016 में रॉड्रिगो ड्यूटर्ट किस देश के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए?**

(a) थाइलैंड (b) स्विट्जरलैंड

(c) मैक्सिको (d) फिलिपींस

जवाब - (D) *[फिलीपींस में राष्ट्रपति पद के लिए 9 मई, 2016 को हुए चुनाव में पीडीपी लाबान पार्टी के रॉड्रिगो ड्यूटर्ट ने लिबरल पार्टी के मार रोक्सास को हराकर चुनाव जीता। उन्होंने 30 जून को राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभाला। रॉड्रिगो बदजुबानी और ड्रग तस्करी के खिलाफ अभियान चलाने की वजह से चर्चा में रहे हैं।]*

68. **27 मई, 2016 को ममता बनर्जी को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री की शपथ किसने दिलवाई?**

(a) राम नाइक (b) केसरीनाथ त्रिपाठी

(c) टी.एस. ठाकुर (d) पी. सदाशिवम

जवाब - (B) *[केशरीनाथ त्रिपाठी का जन्म उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में हुआ था। फिलहाल वे पश्चिम बंगाल के राज्यपाल हैं। यह पद उन्होंने 14 जुलाई, 2014 को ग्रहण किया था। वे तीन बार उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष और पांच बार विधायक रह चुके हैं।]*

69. **स्टेट डाटा सेंटर (एस.डी.सी.) प्रारंभ करने वाला पहला भारतीय राज्य है**

(a) तेलंगाना (b) राजस्थान

(c) छत्तीसगढ़ (d) हिमाचल प्रदेश

जवाब - (D) *[6 जून, 2016 - शिमला में हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य डाटा सेंटर (एसडीसी) शुरू किया। हिमाचल ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।]*

70. **2016 में भारतीय जनता पार्टी ने निम्नलिखित में से किस राज्य में पहली बार सरकार बनाई?**

(a) असम (b) राजस्थान

(c) केरल (d) ओडिशा

जवाब - (A) *[असम में 4 से 11 अप्रैल, 2016 तक हुए विधानसभा चुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को जीत मिली। भाजपा चुनावों में सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाली पार्टी बनी। भाजपा के सर्वानंद सोनोवाल असम के मुख्यमंत्री चुने गए। पिछले 15 वर्षों से असम में तरुण गोगोई के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार थी।]*

71. **भवानी प्रसाद मिश्र का जन्म-स्थान था**

(a) सागर (b) उज्जैन

(c) इंदौर (d) होशंगाबाद

जवाब - (D) *[भवानी प्रसाद मिश्र हिंदी के प्रसिद्ध कवि तथा गांधीवादी विचारक थे। वे दूसरे तार-सप्तक के एक प्रमुख कवि माने जाते हैं। उनका जन्म होशंगाबाद में हुआ था। उनका प्रथम संग्रह 'गीत-फरोश' अपनी नई शैली, नई उद्भावनाओं और नये पाठ-प्रवाह के कारण अत्यंत लोकप्रिय हुआ। उन्होंने आपातकाल के दौरान नियम पूर्वक सुबह दोपहर शाम तीनों बेलाओं में उन्होंने कवितायें लिखी जो बाद में त्रिकाल संध्या नामक पुस्तक में प्रकाशित भी हुईं। भवानी को 1972 में उनकी कृति बुनी हुई रस्सी के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला। 1981-82 में उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान का साहित्यकार सम्मान दिया गया तथा 1983 में उन्हें मध्य प्रदेश शासन के शिखर सम्मान से अलंकृत किया गया।]*

72. **सुनील लांबा हैं**

(a) मसीहा उपन्यास के लेखक

(b) हिंदी के एक प्रसिद्ध उपन्यासकार

(c) भारत के 23वें नौसेना प्रमुख

(d) सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक

safalta.com अमर उजाला

जवाब - (C) *[सुनील लांबा भारत के नौसेना प्रमुख हैं। उन्हें 31 मई, 2016 को नौसेना प्रमुख बनाया गया। इससे पहले वह पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ थे। नौवहन एवं निर्देशन में विशेषज्ञ 58 वर्षीय लांबा का कार्यकाल 2019 तक का है। लांबा ने एडमिरल आर के धवन का स्थान लिया है। लांबा नौसेना के 23 वें भारतीय प्रमुख हैं।]*

73. **जून 2016 में इनमें से किन्हें विश्व के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन 'इंटरनेशनल चेम्बर ऑफ कॉमर्स' का अध्यक्ष चुना गया?**

(a) मुकेश अम्बानी

(b) आदि गोदरेज

(c) लक्ष्मी नारायण मित्तल

(d) सुनील भारती मित्तल

जवाब - (D) *[भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल को 16 जून, 2016 को इंटरनेशनल चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) का अध्यक्ष चुना गया। उनका चुनाव ब्राजील स्थित साओ पाओलो में हुए मतदान में किया गया। मित्तल इस पद पर टेरी मैक्ग्रॉ का स्थान लेंगे, मैक्ग्रॉ एसएंडपी ग्लोबल के मानद अध्यक्ष हैं। विश्व के सबसे पुराने वैश्विक औद्योगिक मंडलों में से एक, इंटरनेशनल चैंबर ऑफ कॉमर्स के इतिहास में मित्तल तीसरे भारतीय उद्योगपति हैं जिन्हें इसका अध्यक्ष बनाया गया।]*

74. **भारतीय स्टेट बैंक की स्थापना कब हुई?**

(a) 1954 (b) 1955

(c) 1956 (d) 1957

जवाब - (B) *[स्टेट बैंक ऑफ इंडिया भारत का सबसे बड़ा एवं सबसे पुराना बैंक है। 2 जून, 1806 को इसकी स्थापना बैंक ऑफ कलकत्ता के तौर पर हुई थी। तीन वर्ष बाद 2 जनवरी, 1809 को इसे बैंक ऑफ बंगाल के रूप में बदल दिया गया। यह अपने तरह का अनोखा बैंक था जो साझा स्टॉक पर ब्रिटिश इंडिया तथा बंगाल सरकार द्वारा चलाया जाता था। बैंक ऑफ बॉम्बे तथा बैंक ऑफ मद्रास की शुरुआत बाद में हुई। ये तीनों बैंक आधुनिक भारत के प्रमुख बैंक तब तक बने रहे जब तक कि इनका विलय इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया (भारतीय शाही बैंक) में 27 जनवरी, 1921 को नहीं कर दिया गया। सन 1951 में पहली पंचवर्षीय योजना की नींव डाली गई जिसमें गांवों के विकास पर जोर डाला गया था। इस समय तक इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया का कारोबार सिर्फ शहरों तक सीमित था। अतः ग्रामीण विकास के मद्देनजर एक ऐसे बैंक की कल्पना की गई जिसकी पहुंच गांवों तक हो तथा ग्रामीण जनता को जिसका लाभ हो सके। इसके फलस्वरूप 1 जुलाई, 1955 को स्टेट बैंक आफ इंडिया की स्थापना की गई।]*

75. **दिल्ली के पूर्व पुलिस आयुक्त, बी.एस. बस्सी को मई 2016 में किस पद पर नियुक्त किया गया?**

(a) संघ लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष

(b) मेघालय का गवर्नर

(c) सीमा सुरक्षा बल महानिदेशक

(d) संघ लोक सेवा आयोग का सदस्य

जवाब - (D) *[दिल्ली के पूर्व पुलिस कमिश्नर बीएस बस्सी को केंद्र सरकार ने 31 मई, 2016 को संघ लोक सेवा आयोग का सदस्य बनाया। यूपीएससी में 1 अध्यक्ष और 10 सदस्य होते हैं।]*

76. **राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने मई 2016 में निम्नलिखित में से किस देश की यात्रा की?**

(a) जापान (b) म्यांमार

(c) चीन (d) फ्रांस

जवाब - (C)

77. **सानिया मिर्जा के मिक्स्ड डबल्स का पार्टनर इवान डोडिज किस देश से है?**

(a) स्वीडन (b) स्विट्जरलैंड

(c) रूस (d) क्रोएशिया

जवाब - (D)

78. **सुहेल सेठ की उस पुस्तक का नाम क्या है, जिसका विमोचन जून 2016 में लंदन में हुआ?**

(a) मंत्राज फॉर सक्सेस (b) डार्क हॉर्स

(c) विंग्स ऑफ फायर (d) मसीहा

जवाब - (A) *[सुहेल सेठ की किताब मंत्राज फॉर सक्सेस का विमोचन जून 2016 में लंदन में हुआ था। यह कार्यक्रम भगोड़े शराब कारोबारी विजय माल्या की वजह से चर्चा में आया। यह कार्यक्रम लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के प्रांगण में आयोजित किया गया था जिसमें लंदन में भारतीय उच्चायुक्त नवतेज सरना भी मौजूद थे। कार्यक्रम में विजय माल्या को आमंत्रित नहीं किया था।]*

79. **खजुराहो मंदिर से चोरी हुई उस प्रतिमा का क्या नाम था, जिसे कनाडा के प्रधानमंत्री ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सौंपा?**

(a) गोल्डन पैरट (b) सिंगिंग पैरट

(c) टॉकेटिव पैरट (d) पैरट लेडी

जवाब - (D) *[अप्रैल 2015 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कनाडा के द्विपक्षीय दौरे पर गए। पिछले 42 वर्षों में यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री का पहला कनाडा दौरा था। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कनाडा के प्रधानमंत्री स्टीफन हार्पर ने खजुराहो से चुराई गई 900 साल पुरानी 'पैरट लेडी' की मूर्ति लौटाई। यह अब खुजराहो के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) संग्रहालय में रखी गई है। यह मूर्ति एक वृत्यांगना की है, जिसकी पीठ पर एक तोता बैठा हुआ है। बलुआ पत्थर की बनी मूर्ति कुछ साल पहले कनाडा में एक व्यक्ति के पास से जब्त की गई थी। कनाडा के प्रधानमंत्री हार्पर ने 1970 की यूनेस्को कन्वेंशन का पालन करते इस मूर्ति को मोदी को सौंप था।]*

safalta.com अमर उजाला Beta

80. **निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक कालिदास द्वारा लिखित नहीं है?**

(a) मेघदूतम् (b) कुमारसम्भवम्

(c) उत्तररामचरितम् (d) ऋतुसंहारम्

जवाब - (C) *[कालिदास संस्कृत भाषा के महान कवि और नाटककार थे। उन्होंने भारत की पौराणिक कथाओं और दर्शन को आधार बनाकर कई रचनाएं तैयार की। अभिज्ञानशाकुंतलम् कालिदास की सबसे प्रसिद्ध रचना है। यह नाटक उन भारतीय साहित्यिक कृतियों में से है जिनका सबसे पहले यूरोपीय भाषाओं में अनुवाद हुआ था। यह पूरे विश्व साहित्य में अग्रगण्य रचना मानी जाती है। मेघदूतम् कालिदास की सर्वश्रेष्ठ रचना है जिसमें कवि की कल्पनाशक्ति और अभिव्यंजना शक्ति अपने सर्वोत्कृष्ट स्तर पर है और प्रकृति के मानवीकरण का अद्भुत चित्रण इस रचना में दिखता है। रघुवंशम् में सम्पूर्ण रघुवंश के राजाओं की गाथाएं हैं, तो कुमारसंभवम् में शिव-पार्वती की प्रेमकथा और कार्तिकेय के जन्म की कहानी है। रघुवंशम् में कालिदास ने रघुकुल के राजाओं का वर्णन किया है। ऋतुसंहारम् में सभी ऋतुओं में प्रकृति के विभिन्न रूपों का विस्तार से वर्णन किया गया है। इनके अलावा कालिदास की बहुत सी रचनाएं हैं। उत्तर कालामृतम् नामक ज्योतिष पुस्तिका की रचना भी कालिदास ने की थी। श्रुतबोधम्, श्रृंगार तिलकम्, श्रृंगार रसाशतम्, सेतुकाव्यम्, कर्पूरमंजरी, पुष्पबाण विलासम्, श्यामा दंडकम् व ज्योतिर्विद्याभरणम् उनकी ज्ञात रचनाएं हैं।]*

81. **मध्य प्रदेश का सबसे पुराना संगीत महाविद्यालय 'माधव संगीत महाविद्यालय', कहां स्थित है?**

(a) रायपुर (b) इंदौर

(c) भोपाल (d) ग्वालियर

जवाब - (D)

82. **एक 'बंद अर्थव्यवस्था' वह अर्थव्यवस्था है, जिसमें**

(a) मुद्रा-पूर्ति पूर्ण रूप से नियंत्रित है

(b) घाटा वित्तीयन होता है

(c) केवल निर्यात होते हैं

(d) न निर्यात और न ही आयात होते हैं

जवाब - (D) *[एक बंद अर्थव्यवस्था के अंतर्गत देश की सीमाओं के अंदर आर्थिक विश्लेषण किया जाता है। इसके तहत आयात, निर्यात एवं विदेशी निवेश शून्य होता है इसके विपरीत, खुली अर्थव्यवस्था में एक देश के लेन-देन का अध्ययन दूसरे देशों के साथ किया जाता है, अर्थात इसमें विदेशी क्षेत्र भी जुड़ जाता है। इसमें आयात, निर्यात , विदेशी निवेश एवं विनिमय दर जैसी महत्वपूर्ण अवधारणाओं का भी विश्लेषण होता है।]*

83. **12वीं पंचवर्षीय योजना की अवधि है**

(a) 2007-2012 (b) 2012-2017

(c) 2010-2015 (d) 2006-2011

जवाब - (B) *[बारहवीं पंचवर्षीय योजना का कार्यकाल 2012 से 2017 तक निर्धारित है। योजना आयोग ने वर्ष 2012 से 2017 तक चलने वाली 12वीं पंचवर्षीय योजना में सालाना 10 फीसदी की आर्थिक विकास दर हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वैश्विक आर्थिक संकट का असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा है। इसी के चलते 11 पंचवर्षीय योजना में आर्थिक विकास दर की रफ्तार को 9 प्रतिशत से घटाकर 8.1 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। सितंबर, 2008 में शुरू हुए आर्थिक संकट का असर इस वित्त वर्ष में बड़े पैमाने पर देखा गया है। यही वजह थी कि इस दौरान आर्थिक विकास दर घटकर 6.7 प्रतिशत हो गई थी। जबकि इससे पहले के तीन वित्त वर्षों में अर्थव्यवस्था में नौ फीसदी से ज्यादा की दर से आर्थिक विकास हुआ था। वित्त वर्ष 2009-10 में अर्थव्यवस्था में हुए सुधार से आर्थिक विकास दर को थोड़ा बल मिला और यह 7.4 फीसदी तक पहुंच गई। भारत सरकार ने चालू वित्त वर्ष में इसके बढ़कर 8.5 प्रतिशत तक होने का अनुमान लगाया।]*

84. **'इंडिया विजन 2020' किसके द्वारा तैयार किया गया है?**

(a) एस.पी. गुप्ता समिति

(b) पंत समिति

(c) मल्होत्रा समिति

(d) नरसिम्हा समिति

जवाब - (A) *[भारत में योजना आयोग ने जून 2000 में डॉक्टर एस.पी. गुप्ता (योजना आयोग के सदस्य) की अध्यक्षता में 'विजन फॉर इंडिया' पर एक समिति का गठन किया था, जिनमें विभिन्न क्षेत्रों के 30 विशेषज्ञों को शामिल किया गया। इस समिति ने सरकारी एवं निजी संस्थानों एवं संगठनों के भविष्य की संभावनाओ के मार्ग में आने वाली बाधाओं, गम्भीर मसलों एवं निर्णायक क्षणों की पहचान की। इस समिति द्वारा निर्मित दस्तावेज इंडिया विजन 2020 (2020 का भारत) को 23 फरवरी, 2003 में जारी किया गया।]*

85. **निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

(a) प्रथम विश्व जलवायु सम्मेलन-1979

(b) प्रथम पृथ्वी जलवायु सम्मेलन

(c) पृथ्वी शिखर सम्मेलन

(d) कार्बन व्यापार-मांट्रियल प्रोटोकॉल

जवाब - (D) *[मॉट्रियल प्रोटोकॉल, ओजोन परत को क्षीण करने वाले पदार्थों के बारे में (ओजोन परत के संरक्षण के लिए वियना सम्मलेन में पारित प्रोटोकॉल) अंतरराष्ट्रीय संधि है जो ओजोन परत को संरक्षित करने के लिए, चरणबद्ध तरीके से उन पदार्थों का उत्सर्जन रोकने के लिए बनाई गई है, जिन्हें ओजोन परत को क्षीण करने के लिए उत्तरदायी माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि अगर अंतरराष्ट्रीय समझौते का पूरी तरह से पालन हो तो, 2050 तक ओजोन परत ठीक होने की उम्मीद है।]*

86. **'अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

safalta.com अमर उजाला

(a) यह किसी भी देश को ऋण प्रदान कर सकता है

(b) यह केवल विकसित देशों को ही ऋण प्रदान कर सकता है

(c) यह केवल सदस्य देशों को ही ऋण प्रदान करता है

(d) यह किसी देश के केंद्रीय बैंक को ऋण प्रदान करता है

जवाब - (C) *[अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (International Monetary Fund) एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है, जो अपने सदस्य देशों की वैश्विक आर्थिक स्थिति पर नजर रखने का काम करती है। यह अपने सदस्य देशों को आर्थिक और तकनीकी सहायता प्रदान करती है। यह संगठन अंतरराष्ट्रीय विनिमय दरों को स्थिर रखने के साथ-साथ विकास को सुगम करने में सहायता करता है। इसका मुख्यालय वॉशिंगटन में है। आईएमएफ की स्थापना 1944 में की गई थी। विभिन्न देशों की सरकारों के 45 प्रतिनिधियों ने अमेरिका के ब्रेटन वुड्स में बैठक कर अंतरराष्ट्रीय आर्थिक समझौते की रूपरेखा तैयार की थी। 27 दिसंबर, 1945 को 29 देशों के समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद आईएमएफ की स्थापना हुई।]*

87. **2016 में हुई भारत-जिम्बाब्वे एक-दिवसीय क्रिकेट श्रृंखला में 'मैन ऑफ द सीरीज' किसे घोषित किया गया?**

(a) जसप्रीत बुमराह (b) विराट कोहली

(c) आजिंक्य रहाणे (d) के.एल. राहुल

जवाब - (D)

88. **आई.पी.एल.-9 (2016) का फाइनल मैच किस राज्य के स्टेडियम में खेला गया था?**

(a) कर्नाटक (b) महाराष्ट्र

(c) हरियाणा (d) पश्चिम बंगाल

जवाब - (A)

89. **रश्मिरेखा नामक पुस्तक का लेखक कौन था?**

(a) गजानन माधव 'मुक्तिबोध'

(b) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

(c) हरिशंकर परसाई

(d) भवानी प्रसाद मिश्र

जवाब - (B) *[बालकृष्ण शर्मा नवीन हिंदी के प्रसिद्ध कवि, गद्यकार और वक्ता थे। वे लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक, एनी बेसेंट एवं गणेश शंकर विद्यार्थी के संपर्क में आने के बाद स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े और पत्रकारिता करने लगे। रश्मिरेखा उनके प्रकाशित संग्रहों में सबसे अधिक लोकप्रिय रही है।]*

90. **चंद्रशेखर आजाद का जन्म मध्य प्रदेश के किस जिले में हुआ था?**

(a) खरगौन (b) ग्वालियर

(c) झाबुआ (d) सतना

जवाब - (C) *[चंद्रशेखर आजाद का जन्म 23 जुलाई, 1906 को एक आदिवासी ग्राम भाबरा में हुआ था। यह गांव मध्य प्रदेश के मौजूदा अलिराजपुर जिले में आता है। यह गांव 2008 से पहले झबुआ जिले में आता था।]*

91. **इनमें से कौन परमार वंश का शासक नहीं था?**

(a) उपेंद्र (b) मुंज

(c) गांगेयदेव (d) उदयादित्य

जवाब - (C) *[गांगेयदेव विक्रमादित्य (1019 से 1040 ई.) यमुना और नर्मदा नदियों के बीच में स्थित चेदि का राजा था। वह कलचुरी वंश के कोकल्ल द्वितीय का पुत्र था। अपने पूर्वजों के समान ही गांगेयदेव भी शैवमतानुयायी था। गांगेयदेव एक योग्य, साहसी और महत्वाकांक्षी शासक के रूप में जाना जाता था। उसने 'विक्रमादित्य' की उपाधि धारण करते हुए उत्तर भारत में सर्वशक्तिमान सार्वभौम सम्राट की भांति स्थिति प्राप्त करने की पूरी कोशिश की। गांगेयदेव ने भोज परमार एवं राजेंद्र चोल के साथ एक संघ बनाकर चालुक्य नरेश जयसिंह पर आक्रमण किया, पर सफलता उसके हाथ नहीं लगी। बाद के समय में उसने अंग, उत्कल, काशी एवं प्रयाग को जीत कर कलचुरी राज्य का विस्तार किया। 1019 ई. में गांगेयदेव ने सुदूर तिरहुत (आधुनिक उत्तरी बिहार) तक अपनी सत्ता स्थापित की।]*

92. **धंगदेव किस वंश का शासक था?**

(a) जेजाकभुक्ति के चंदेल

(b) मालवा के परमार

(c) महिष्मति के कलचुरी

(d) त्रिपुरी के कलचुरी

जवाब - (A) *[धंगदेव, यशोवर्मन का पुत्र एवं उत्तराधिकारी था। वह अपने पिता के समान ही पराक्रमी एवं महात्वाकांक्षी शासक था। उसे चंदेलों की वास्तविक स्वाधीनता का जन्मदाता माना जाता है। धंगदेव ने महाराजाधिराज की उपाधि धारण की थी। धंगदेव का साम्राज्य पश्चिम में ग्वालियर, पूर्व में वाराणसी, उत्तर में यमुना एवं दक्षिण में चेदि एवं मालवा तक फैला था। कलिंजर पर अपना अधिकार करके धंगदेव ने उसे सुदृढ़ बनाकर अपनी राजधानी बनाया। ग्वालियर पर विजय धंगदेव की सबसे महत्वपूर्ण सफलता थी। धंगदेव ने भटिण्डा के शाही शासक जयपाल को सुबुक्तगीन के विरुद्ध सैनिक सहायता भेजी तथा उसके विरुद्ध बने हिंदू राजाओं के संघ में सम्मिलित हुआ। धंगदेव ने ब्राह्मणों को उच्च पदों पर नियुक्त किया। उसका मुख्य न्यायाधीश भट्टयशोधर तथा प्रधानमंत्री प्रभास जैसे विद्वान ब्राह्मण थे। धंग प्रसिद्ध विजेता होने के साथ ही उच्चकोटि का निर्माता भी था। उसके शासन काल में निर्मित खजुराहो का विश्व विख्यात मंदिर स्थापत्य कला का एक अनोखा उदाहरण है।]*

93. **हबीब तनवीर का जन्म निम्नलिखित में से किस स्थान पर हुआ था?**

(a) रायपुर (b) झाबुआ

(c) इंदौर (d) रतलाम

जवाब - (A) *[हबीब तनवीर भारत के मशहूर पटकथा*

safalta.com

लेखक, नाट्य निर्देशक, कवि और अभिनेता थे। हबीब तनवीर का जन्म छत्तीसगढ़ के रायपुर में हुआ था, जबकि निधन 8 जून,2009 को मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में हुआ। उनकी प्रमुख कृतियों में आगरा बाजार (1954) चरणदास चोर (1975) शामिल हैं। हबीब तनवीर को संगीत नाटक अकादमी अवार्ड (1969), पद्मश्री अवॉर्ड (1983) संगीत नाटक एकादमी फेलोशिप (1996), पद्म विभूषण(2002) जैसे सम्मान मिले। वे 1972 से 1978 तक संसद के उच्च सदन यानि राज्यसभा में भी रहे। उनका नाटक चरणदास चोर एडिनबर्ग इंटरनेशनल ड्रामा फेस्टीवल (1982) में पुरस्कृत होने वाला पहला भारतीय नाटक था।]

94. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निरोधक) अधिनियम 1989 के अंतर्गत किस धारा में विशेष न्यायालय की व्यवस्था का प्रावधान है?

(a) 14 (b) 17

(c) 21 (1) (d) 21 (3)

जवाब - (A)

95. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निरोधक) अधिनियम 1989 के अंतर्गत किए गए अपराधों के लिए जांच अधिकारी कितने दिनों में अपनी रिपोर्ट सौंपेगा?

(a) 15 (b) 20

(c) 25 (d) 30

जवाब - (D)

96. निम्नलिखित में से कौन-सा ब्राह्मण ग्रंथ ऋग्वेद से संबंधित है?

(a) ऐतरेय ब्राह्मण (b) गोपथ ब्राह्मण

(c) शतपथ ब्राह्मण (d) तैत्तिरीय ब्राह्मण

जवाब - (A) *[ऐतरेय ब्राह्मण ऋग्वेद की एक शाखा है जिसका केवल ब्राह्मण ही उपलब्ध है, संहिता नहीं। ऐतरेय ब्राह्मण ऋग्वेदीय ब्राह्मणों में सबसे महत्वपूर्ण माना गया है। यह ब्राह्मण हौत्रकर्म से संबद्ध विषयों का पूर्ण परिचायक है। इस ब्राह्मण के अन्य अंश भी उपलब्ध होते हैं जो ऐतरेय आरण्यक तथा ऐतरेय उपनिषद् कहलाते हैं। ऋक् साहित्य में दो ब्राह्मण ग्रंथ हैं। पहले का नाम ऐतरेय ब्राह्मण तथा दूसरे का शाख्ङायन अथवा कौषीतकि ब्राह्मण है।]*

97. 'वस्तु एवं सेवा कर' एक टास्क फोर्स द्वारा प्रस्तावित किया गया था, जिसके अध्यक्ष थे

(a) विजय केलकर

(b) मोंटेक सिंह अहलूवालिया

(c) अरुण जेटली

(d) नरसिम्हा

जवाब - (A) *[2001 जुलाईः जी. एस. टी. पर विजय केलकर की अगुवाई में टास्क फोर्स बनाई गई।]*

98. मूल कर्तव्यों का उल्लेख संविधान में कब किया गया?

(a) संविधान-निर्माण के समय

(b) 26 जनवरी, 1050 को

(c) 42वें संविधान संशोधन में

(d) 41वें संविधान संशोधन में

जवाब - (C) *[मूल कर्त्तव्य पहले से संविधान में नहीं थे इन्हें संविधान के 22वें संशोधन के द्वारा सरदार स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिश पर जोड़ा गया है।]*

99. राज्य और केंद्रीय सरकार को प्राधिकार प्राप्त होता है

(a) भारत के संविधान से

(b) भारत के राष्ट्रपति से

(c) भारत के प्रधानमंत्री से

(d) भारत की संसद से

जवाब - (A)

100. निम्नलिखित में से किसे एक दबाव समूह माना जा सकता है?

(a) लोक सभा के सदस्य

(b) पंचायत के सदस्य

(c) मंत्रिमंडल के सदस्य

(d) मजदूर संघ के सदस्य

जवाब - (D) *[दबाव समूह का वर्तमान राजनीतिक व्यवस्थाओं में विशेष स्थान है। इन्हें प्रायः विभिन्न नामों से पुकारा जाता है, जैसे- हित समूह, अनौपचारिक संगठन आदि। हालांकि प्रत्येक समाज में अनेक प्रकार के संगठन होते हैं, जो कि वर्ग विशेष या पक्ष की आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं, लेकिन उन सभी को दबाव समूहों की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। दबाव समूहों के संदर्भ में कहा जा सकता है कि जब कोई संगठन अपने सदस्यों के हितों की पूर्ति के लिए राजनीतिक सत्ता को प्रभावित करता है और उनकी पूर्ति के लिए दबाव डालता है तो उस संगठन को दबाव समूह कहते हैं। भारत में दबाव समूहों का अस्तित्व स्वतंत्रता पूर्व से है, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थिति भी स्वतंत्रता से पूर्व एक दबाव समूह की ही थी, जिसका उद्देश्य भारतीयों के हितों का प्रतिनिधित्व करना था। 'मुस्लिम लीग' (1906) का उदय भी एक दबाव समूह के रूप में ही हुआ था। स्वतंत्रता के बाद भारत में विभिन्न दबाव समूहों का उदय हुआ। प्रत्येक संगठन व संस्थाओं द्वारा विभिन्न दबाव समूहों का निर्माण किया गया। कुछ दबाव समूहों का निर्माण स्वयं राजनीतिक दलों द्वारा भी किया गया था। इन दबाव समूहों का मुख्य उद्देश्य अपने हितों का प्रतिनिधित्व और उसका संरक्षण करना ही रहा। फिलहाल भारत में विभिन्न दबाव समूहों का अस्तित्व है, जैसे- 'मजदूर संघ', 'किसान संगठन', 'महिला संगठन', 'व्यापारी संगठन', 'विद्यार्थी संगठन' आदि कुछ ऐसे ही संगठन दबाव समूह की गिनती में आते हैं, जिसका अपना कार्यक्रम व आधार है।]*